


दैनिक

सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-57 सीहोर, मंगलवार 15 अप्रैल 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## विविध-समाचार

### दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे 15 विदेशी नागरिक गिरफ्तार, डिपोर्टेशन का आदेश जारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में, दिल्ली पुलिस ने सोमवार को जानकारी दी कि उत्तम नगर और मोहन गार्डन इलाकों से 15 विदेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है, जो बिना वैध वीजा या दस्तावेजों के भारत में रह रहे थे।पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हिरासत में लिए गए इन 15 विदेशी नागरिकों में 12 नाइजीरियाई और एक आइवरी कोस्ट का नागरिक है। बाकी दो नागरिकों की राष्ट्रीयता का सत्यापन किया जा रहा है, हालांकि शुरुआती जानकारी में बांग्लादेशी नागरिकों के भी इन इलाकों में अवैध रूप से रहने का उल्लेख था। पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के दौरान यह पाया गया कि ये सभी लोग अपने वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी या बिना किसी वैध दस्तावेज के भारत में तय समय से ज्यादा दिनों से रह रहे थे।

### म्यांमार राहत मिशन में भारतीय वायुसेना का विमान साइबर हमले का शिकार

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। म्यांमार को राहत सामग्री पहुंचा रहा भारतीय वायुसेना (IAF) का एक विमान साइबर हमले का शिकार हो गया। यह घटना उस समय हुई, जब 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत विमान राहत सामग्री लेकर म्यांमार जा रहा था। हालांकि, वायुसेना के अनुभवी पायलटों ने इस चुनौती का डटकर सामना किया और अपनी सूझबूझ से रास्ता निकालकर यात्रा को सफलतापूर्वक पूरा किया।टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय वायुसेना के विमान को अपने सैटेलाइट आधारित जीपीएस सिग्नल में 'स्पूफिंग' के रूप में साइबर हमलों का सामना करना पड़ा। अखबार ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि म्यांमार के हवाई क्षेत्र में यह जीपीएस स्पूफिंग किसने की, इसका पता लगाना मुश्किल हो सकता है। इस क्षेत्र में चीन की मजबूत रणनीतिक उपस्थिति को देखते हुए यह घटना और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

### टीएमसी सांसद का विवादित बयान, बोले- वक्फ प्रॉपर्टी पर बुरी नजर डाली तो निकाल लेंगे आंखें

कोलकाता (आरएनएस)। तृणमूल कांग्रेस (TMC) के मथुरापुर से सांसद बापी हलदर ने एक विवादास्पद बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि वक्फ की संपत्ति एक विशेष समुदाय की संपत्ति है और यदि किसी ने इस पर बुरी नजर डाली तो उसकी आंखें निकाल ली जाएंगी और हाथ-पैर तोड़ दिए जाएंगे। हलदर ने यह भी कहा कि वक्फ की संपत्ति की रक्षा करना उनकी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की जिम्मेदारी है, और लोगों को इसके लिए निश्चिंत रहना चाहिए।हलदर का यह बयान ऐसे समय में आया है जब बंगाल में वक्फ कानून का पुरजोर विरोध हो रहा है। शुक्रवार को राज्य के मुर्शिदाबाद, दक्षिण 24 परगना, मालदा और हुगली जिलों में व्यापक हिंसा देखने को मिली थी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भीम जन्मस्थली डॉ. अम्बेडकर नगर ( महू ) में कार्यक्रम को किया संबोधित

# डॉ.अम्बेडकर के योगदान से ही भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश बना

भीम जन्मस्थली महू में धर्मशाला निर्माण के लिए सरकार देगी 3.5 तीन एकड़ जमीन

महू आने-जाने वालों की संपूर्ण सुविधा का प्रबंध सरकार की ओर से किया जाएगा





इन्दौर (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने 20वीं शताब्दी में ऐसे अनेकों उल्लेखनीय कार्य किए, जिनसे 1000 वर्ष की गुलामी की विसंगतियां दूर हुईं। इन्हीं के आधार पर आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश बना है। डॉ. अम्बेडकर के जीवन के योगदान बहुआयामी हैं, उन्हें भारत में भविष्य की चुनौतियों का आभास हो चुका था, यद्यपि उनका जीवन बहुत कठिनाई के साथ बीता, लेकिन वे ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने स्वयं के संघर्ष से सीख ली और अपने जैसे दूसरे लोगों की मदद की। बाबा साहब ने स्वयं की शिक्षा में कोई कसर नहीं रहने दी, इससे यह प्रेरणा मिलती है कि व्यक्ति के जीवन में शिक्षा में कभी कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर द्वारा समाज के बंधुत्व और उत्थान के लिए किए गए कार्य भूतो न भविष्यति हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज भीम जन्मस्थली डॉ. अम्बेडकर नगर महू में आयोजित भीम जयंती महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा साहब ने समूचे समाज को आरक्षण जैसी व्यवस्था प्रदान की। आज अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सहित हर वर्ग को साक्षरता का लाभ मिल रहा है। अनुसूचित जाति वर्ग की साक्षरता जो कभी मात्र 1.5 प्रतिशत थी, आज 59 प्रतिशत तक पहुंच गई है। भविष्य में जब-जब कठिनाई आएगी, हम सर्वहारा वर्ग के सशक्तिकरण का ध्यान रखेंगे। डॉ. अम्बेडकर ने सामाजिक सशक्तिकरण के लिए मजबूत संविधान बनाया और देश को लोकतंत्र दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. अम्बेडकर से जुड़े सभी स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में मान्यता दी। महू स्थित भीम जन्मभूमि को तीर्थ के रूप में विकसित करने में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री सुंदरलाल पटवा और शिवराज सिंह चौहान का योगदान महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भीम जन्मस्थली महू में धर्मशाला निर्माण के लिए साढ़े तीन एकड़ जमीन दी जा रही है। इससे यहां आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा होगी, सभी आगंतुकों की संपूर्ण सुविधा का प्रबंध राज्य सरकार की ओर से किया जाएगा। राज्य सरकार ने सर्वहारा वर्ग और प्रदेश के किसानों को समृद्ध बनाने के लिए डॉ. अम्बेडकर कामधेनु योजना शुरू की है। अगर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग का कोई व्यक्ति दूध डेयरी खोलेगा, तो उसे हमारी सरकार द्वारा 30 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से एक दिन पहले ही भीम जन्मस्थली डॉ. अम्बेडकर नगर महू को नई ट्रेन की सौगात मिली है। अब महू शहर सीधा देश की राजधानी दिल्ली से जुड़ गया है। इस रेलगाड़ी की शुरुआत का लाभ कोटा के साथ-साथ मालवा क्षेत्र के इंदौर, उज्जैन और देवास को भी मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लंदन में भी डॉ. अम्बेडकर का भव्य स्मारक बना है, इसी स्थान पर उन्होंने शिक्षा प्राप्त की थी। यह एक आवासीय क्षेत्र है। अंग्रेजों ने स्मारक बनाने का काफी विरोध किया, लेकिन प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रयासों से वहां भी तीर्थ का निर्माण हो चुका है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने धारा 370 हटाकर जम्मू-कश्मीर को उसका अधिकार वापस दिया है। बाबा साहब डॉ.अम्बेडकर ने भी धारा 370 को स्वीकार नहीं किया था। विचारक मुकुल कानिटकर ने कहा कि 1891में आज के दिन महू से एक सकारात्मक क्रांति की शुरुआत हुई थी, एक क्रांति सूर्य का उदय हुआ था। डॉ. अम्बेडकर ने वर्ष 1916 में मात्र 27 वर्ष में अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय से इकोनॉमिक्स की डिग्री प्राप्त की थी। कोलंबिया यूनिवर्सिटी में सिर्फ एक ही स्टैच्यू लगा है, वो बाबा साहेब अम्बेडकर का है। उन्होंने अर्थशास्त्र में पीएचडी और समाजशास्त्र व मानवशास्त्र में एमए किया। उस समय वे विश्व में सर्वाधिक डिग्री हासिल करने वाले व्यक्ति थे।

### जैन मुनि पर हमला समग्र जैन समाज में रोष

इन्दौर (ए) सिंगोली के पास ग्राम कछाला में जैन संतो के ऊपर अमानवीय तरीको से हुए जानलेवा हमले के विरोध में सकल जैन समाज के द्वारा इस घटना क्रम के विरोध में दिनांक 14/04/2025 सोमवार को नगर सिंगोली बंद का आह्वान किया गया था । जो कि पूरी तरह सफल रहा और उसके बाद प्रशासन हमलावरों की तलाश करने का प्रयास कर रहा है। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि 13 अप्रैल को जैन संत रात्रि विश्राम के लिए कछाला में रुके हुए थे। तभी शाम 7 बजे करीब कुछ शरारती लोगो ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इससे संतो को गंभीर चोटें आयी हैं।

## सलमान खान को धमकी- लिखा घर में घुसकर मारेंगे, कार भी उड़ा देंगे



मुंबई(ए)। फिल्म अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर धमकी मिली है। बता दें कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की तरफ से कथित तौर पर खान को कई बार धमकी दी जा चुकी है। बीते साल एक्टर के आवास पर गोलीबारी के मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि इस नई धमकी के संबंध में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल, आरोपी का पता नहीं चल सका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मुंबई परिवहन विभाग के वॉटसऐप नंबर पर मैसेज आया था। संदेश में एक्टर खान को घर में घुसकर मारने की धमकी दी गई थी। साथ ही उनकी कार को भी बम से उड़ाने की धमकी दी थी। वर्ली पुलिस स्टेशन में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज हो गया है। फिलहाल, पुलिस ने धमकी भरे संदेश की जांच शुरू कर दी है। काला हिरण केस के कारण निशाने पर बिश्नोई गैंग की तरफ से कथित तौर पर काला हिरण मारे जाने को लेकर सलमान को कई बार धमकी मिल चुकी है। मामला 1998 का है। साल 2024 में भी एक्टर को धमकी मिली थी, जिसमें मंदिर जाकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने या 5 करोड़ रुपये देने की मांग की गई थी।

### दिल्ली एयरपोर्ट के नाम दर्ज हुआ नया रिकॉर्ड, दुनिया में पाया 9वां स्थान

नई दिल्ली (ए)। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड द्वारा संचालित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल की दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों की प्रथम 2024 रैंकिंग में 9वां स्थान हासिल करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि दिल्ली हवाई अड्डे की निरंतर यात्री वृद्धि, मजबूत बुनियादी ढांचे के विकास और विश्व कनेक्टिविटी के विस्तार को दिखाती है, जिससे यह प्रतिष्ठित सूची में शामिल होने वाला एकमात्र भारतीय हवाई अड्डा बन गया है। दिल्ली एयरपोर्ट ने वर्ष 2024 में रिकॉर्ड तोड़ 7.7 करोड़ यात्रियों की आवाजाही देखी, जो इसकी लगातार साल-दर-साल वृद्धि को दर्शाता है।

## राम मंदिर के मुख्य शिखर पर कलश स्थापित

### वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन हुआ; सुरक्षा के लिए बनेगी 4 किमी लंबी दीवार



अयोध्या (ए)। अयोध्या में सोमवार सुबह राम मंदिर के मुख्य शिखर पर कलश की स्थापना की गई। कलश की पहले पूजा की गई। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार और हवन-पूजन के साथ इसे मुख्य शिखर पर रखा गया। परकोटे और सप्त ऋषि मंदिरों की मूर्तियां आज जयपुर से अयोध्या पहुंच सकती हैं।

राम मंदिर परिसर में लगने वाली सभी मूर्तियां 30 अप्रैल तक मंदिरों में रख दी जाएंगी। राम मंदिर की सुरक्षा के लिए 4km लंबी दीवार बनाने का काम शुरू होगा। डेढ़ साल में ये दीवार बनकर तैयार होगी। राम मंदिर निर्माण समिति की दूसरे दिन की बैठक के बाद ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने ये जानकारी दी। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि इंजीनियर इंडिया लिमिटेड राम मंदिर की सुरक्षा दीवार बनाएगी। दीवार की ऊंचाई और मोटाई कितनी होगी, इस पर फैसला लिया जा रहा है। मिट्टी की जांच के बाद निर्माण शुरू किया जाएगा। वहीं, यात्री सुविधा केंद्र की क्षमता बढ़ाई जाएगी।

#### 10 एकड़ भूमि पर शू रैक बनेगा

राम मंदिर परिसर में ही 10 एकड़ भूमि में शू रैक बनेगा। जिसमें लगभग 62 काउंटर समान रखने के लिए होंगे। 10 एकड़ में ही साधना स्थल बनाया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु पूजा-पाठ कर सकेंगे। कुबेर टीला और साधना स्थल तक हरियाली होगी।

### पीएम मोदी ने हिसार-अयोध्या फ्लाइट को दिखाई हरी झंडी, नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास भी किया

हिसार (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिसार को पहले एयरपोर्ट की सौगात दी। उन्होंने एयरपोर्ट से हिसार-अयोध्या फ्लाइट को हरी झंडी दिखाई और बटन दबाकर नए टर्मिनल का शिलान्यास भी किया। हरियाणावासियों को इस शुभ दिन की बधाई देते हुए उन्होंने कहा, यह शुरुआत हरियाणा के विकास को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगी।पीएम मोदी ने कहा, आज हरियाणा से अयोध्या धाम के लिए फ्लाइट शुरू हुई है। यानी अब श्रीकृष्ण जी की पावन भूमि हरियाणा, श्रीराम जी की भूमि से सीधी जुड़ गई है। बहुत जल्द यहां से दूसरे शहरों के लिए भी उड़ानें शुरू होंगी। आज हिसार एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का शिलान्यास भी हुआ है। यह शुरुआत हरियाणा के विकास को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगी।

## 1800 करोड़ की ड्रग्स देख फटी रह गई कोस्टगार्ड की आंखें

अहमदाबाद (आरएनएस)। गुजरात एटीएस और भारतीय तटरक्षक बल (कॉस्टगार्ड) ने भारतीय जल सीमा से 1800 करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थों के 311 पैकेट बरामद किए हैं। एटीएस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि 10 अप्रैल को सूचना मिली थी कि पाकिस्तान के फिदा नामक ड्रग माफिया का लगभग 400 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ पसनी बंदरगाह से एक पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नाव में 12 अप्रैल को रात 2 बजे से 13 अप्रैल की सुबह 04.00 बजे के दौरान पोरबंदर के अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के पास भारतीय जल क्षेत्र में आएगा और चैनल नंबर 48 पर अपने कॉल साइन 'रमिज' के नाम से तमिलनाडु की ओर से किसी भी नाव को 'सादिक' के नाम से बुलाकर उसे देगा और वह मादक पदार्थ की मात्रा तमिलनाडु ले जाएगा।सूचना के आधार पर एटीएस और तटरक्षक बल (कॉस्टगार्ड) के उच्च अधिकारियों ने इसे तुरंत गंभीरता से लिया और एटीएस. और तटरक्षक अधिकारियों ने इस संबंध में एक ऑपरेशन तैयार किया, जिसके तहत एटीएस और तटरक्षक अधिकारी भारतीय जल सीमा में संभावित स्थान पर पहुंच गए और निगरानी करते रहे।





### बच्ची से रेप की कोशिश के बाद घोट दिया गला, पुलिस ने दरिंदे आरोपी का किया एनकाउंटर

हुबली (आरएनएस)। कर्नाटक के हुबली जिले में पांच वर्षीय बच्ची का शव मिलने से रविवार को लोगों में गुस्सा भड़क गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कथित तौर पर बच्ची से दुष्कर्म करने के बाद हत्या के मुख्य संदिग्ध को पुलिस अधिकारियों पर हमला करने और हिरासत से भागने का प्रयास करने के बाद पुलिस ने आरोपी की एनकाउंटर कर दिया।

एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। बच्ची का शव हुबली के अशोक नगर इलाके में एक खाली पड़ी इमारत में मिला, जिसके बाद स्थानीय लोग सड़कों पर उतर आए और स्थानीय थाने के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने पीड़िता के माता-पिता द्वारा लगाए गए दुष्कर्म और हत्या के आरोपों के बाद इस मामले में तत्काल कार्रवाई और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की। हुबली-धारवाड़ के पुलिस आयुक्त एन शशि कुमार ने पुष्टि की कि संदिग्ध की पहचान 35 वर्षीय रितेश कुमार के रूप में हुई है, जिसे पुलिस ने अशोक नगर थाना क्षेत्र में गोली मार दी। उन्होंने कहा कि इस सिलसिले में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस जांच कर रही है।

## आबेडकर जयंती पर संसद भवन परिसर में बाबा साहब को दी गई श्रद्धांजलि

*- श्रद्धांजलि अर्पित कर राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी समेत अनेक नेताओं ने किया याद*

*- बाबा साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत*



नई दिल्ली, (ए)। संविधान निर्माता और सामाजिक न्याय के प्रतीक डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर संसद भवन परिसर समेत देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धा और सम्मान के साथ याद किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत प्रमुख नेताओं और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की है।राजधानी दिल्ली स्थित संसद परिसर में प्रेरणा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, विपक्ष के नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी, जेपी नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू सहित अनेक प्रमुख नेताओं ने बाबासाहेब को पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर बौद्ध भिक्षुओं की उपस्थिति में मंत्रोच्चारण हुआ और नेताओं ने उनसे आशीर्वाद भी प्राप्त किया। संसद भवन का यह दृश्य आज संविधान की आत्मा और समानता के संदेश से ओतप्रोत रहा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर देशवासियों को संबोधित करते हुए लिखा, कि हमारे संविधान के निर्माता बाबासाहेब भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती के अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने आगे कहा, बाबासाहेब ने कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए भी अपनी असाधारण प्रतिभा से दुनिया में सम्मान प्राप्त किया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने अपने संघर्ष और समर्पण से जो मुकाम हासिल किया, वह आज भी सभी को प्रेरित करता है। वह केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि एक महान अर्थशास्त्री, शिक्षक, कानूनविद और समाज सुधारक भी थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया पर डॉ. आंबेडकर को याद करते हुए लिखा, सभी देशवासियों की ओर से भारत रत्न पूज्य बाबासाहेब को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

### मध्य प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्रों में भीषण गर्मी, कई जिलों में पारा 40 के पार



भोपाल (ए)। प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्रों में एक बार फिर से भीषण गर्मी शुरू हो गई है। सोमवार को सबसे अधिक तापमान रतलाम में 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं उज्जैन और धारा में दिन का तापमान 41 डिसे. पर पहुंच गया। खंडवा और नर्मदापुरम में तापमान 40 डिसे. पर रहा। यह तापमान प्रदेश के पूर्वी इलाकों से अधिक रहे, क्योंकि प्रदेश में अलग-अलग दिशाओं से हवा आ रही हैं। पश्चिमी मध्य प्रदेश में जहां उत्तर पश्चिमी हवा आ रही हैं, वहीं पूर्वी मध्य प्रदेश में दक्षिण पूर्वी हवा आ रही हैं।

इस कारण प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी इलाकों में कहीं तेज धूप तो कहीं पर धूप-छांव हो रही है।चूंकि आसमान पर कहीं-कहीं बादल भी हैं, इसके चलते बूंदाबांदी भी हो रही है। मौसम विज्ञानी ने बताया कि सिस्टम तो कई हैं, लेकिन उनसे उतनी आद्रता नहीं मिल रही। इस वजह से प्रदेश के पूर्वी इलाकों के आसमान पर बादल छाए हुए हैं। तापमान की बात करें तो पूर्व के अपेक्षा प्रदेश के पश्चिमी इलाकों के आसमान के साफ होने की वजह से तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही हैं।

राजधानी समाचार





# जल की हर बूंद में जीवन का सार, इसे सहेजने से ही दूर होगा भविष्य का जल संकट : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## छिंदवाड़ा में विद्यार्थियों ने श्रमदान कर की प्राचीन कुण्ड की सफाई



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल की हर बूंद में जीवन का सार है। इसे सहेजने से ही जल संकट दूर होगा। इसी ध्येय से जनभागीदारी के साथ तीन माह का जल गंगा संवर्धन अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान के शुरूआती दौर में ही मंत्री, सांसद, नगरीय एवं पंचायत प्रतिनिधियों के साथ अधिकारी, कर्मचारी और आम नागरिक भी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभा रहे है। अभियान में जहाँ एक और पुराने जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, गहरीकरण और जीर्णोद्धार किया जा रहा है, वही वर्षा के जल को सहेजने के लिये नई जल संरचनाओं का निर्माण भी किया जा रहा है। अभियान 30 जून तक जारी रहेगा।

**शहडोल में तालाब का जीर्णोद्धार**

शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रत्येक ग्राम पंचायत में जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं। जल की बूंद-बूंद को सहेजने के लिए गांव-गांव में कुएं, तालाब, कुण्ड और बावड़ी जैसी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जिले के गांव कुमारी में वर्षा जल को सहेजने के लिए गांव के तालाब की सफाई के साथ उसका गहरीकरण भी किया गया। इसी प्रकार गांव खाम्हीडोल में भी तालाब का जीर्णोद्धार किया गया।

जल गंगा संवर्धन अभियान के जिले के गांव मऊ के नाले में के साफ-सफाई की गई। इसमें से गाद निकाल कर पानी को स्वच्छ किया गया। बीसएसडब्ल्यू व एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों रीना, शशि बारांगे, पप्पू चौधरी बंदेवार, सुनीता काहर, महिमा साहू, पंकज गाडरे और सागर पवार के साथ ग्रामवासी ने श्रमदान कियाय् जन अभियान परिषद की पहल पर विद्यार्थियो ने पातालेश्वर धाम मंदिर परिसर में स्थित प्राचीन जल कुंड से कूड़ा-करकट, पूजन सामग्री, वृक्ष के पत्ते निकालकर सफाई की।

**देवास में तालाब का किया जा रहा गहरीकरण**

देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन एवं स्थानीय गांवो के जनसहयोग से सोनकच्छ विकासखंड की ग्राम पंचायत अगेरा के तालाब का गहरीकरण किया जा रहा है। इस तालाब के गहरा होने से अधिक वर्षा जल एकत्रितकिया जा सकेगा। इससे स्थानीय भूजल स्तर भी बढ़ेगा और पेयजल के साथ खेती करने के लिए भी पर्याप्त पानी मिल सकेगा।

## बाबा साहेब के पदचिन्हो पर चलने का दृढ संकल्प है हमारा - रानी अग्रवाल

भोपाल (आरएनएस)।आज संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर जी का जन्मोत्सव आम आदमी पार्टी ने समूर्ण प्रदेश में जिला एवं विधानसभा स्तर पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी ने प्रादेशिक नेतृत्व के निर्देश पर संविधान की उद्देशिका का वाचन कर संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया। आप के प्रदेश अध्यक्ष्य एवं सिंगरोली महापौर रानी अग्रवाल ने बाबा साहेब की जयंती पर कहा की एक और बाबा साहेब ने विभिन्नता वाले देश में जहां पग पग पर भाषा ,संस्कृति, रीति रिवाज, मजहब, जात पात अलग अलग है ऐसे विभिन्नता वाले देश में संविधान निर्माण का अद्वितीय कार्य बाबा साहेब ने किया है जो वंदनीय है लेकिन वर्तमान समय में तानाशाही सरकार द्वारा खुलेआम संविधान के विपरीत अनेक कार्य किये जा रहे है जो निंदनीय है।

## ई-केवायसी कराने हेतु विशेष अभियान




भोपाल (आरएनएस)। जिला आपूर्ति नियंत्रक अजीत कुजूर ने बताया कि जिले में 12 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक शेष रहे हितग्राहियों की ई-केवायसी कराने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। ई-केवायसी से शेष रहे समस्त हितग्राहियों से अपील की जाती है कि प्रत्येक सोमवार को उचित मूल्य दुकान पर एंव प्रत्येक मंगलवार को वार्ड / ग्राम पंचायत कार्यालय पर आयोजित शिविर में जाकर अथवा अपनी निकटस्थ शासकीय उचित मूल्य दुकान पर जाकर अपनी ई-केवायसी कराकर असुविधा से बचें। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 अंतर्गत सम्मिलित 543.31 लाख में से 435.04 लाख पात्र हितग्राहियों के ई-केवाईसी किए जा चुके है शेष 108.27 लाख हितग्राहियों के केवाईसी 30 अप्रैल 2025 तक करने के निर्देश भारत सरकार द्वारा दिए गए है।

## मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मंत्रालय में हुआ तीन दिवसीय ध्यान सत्र संपन्न

### पुलिसकर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य, एकाग्रता एवं मानसिक लाभ के लिए बताए विभिन्न उपाय



भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मंत्रालय (वल्लभ भवन) में तीन दिवसीय (12 से 14 अप्रैल) ध्यान सत्र का प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को समापन हुआ। हार्टफुलनेस टीम ने पुलिसकर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य, एकाग्रता एवं मानसिक लाभ के लिए विभिन्न उपायों से अवगत कराया। यह भी बताया कि ध्यान को अपने जीवन का अमूल्य हिस्सा बनाएं, जिससे खुद भी स्वस्थ रहे एवं अपने परिवार को भी निरोगी रख सकें। इस दौरान हार्टफुलनेस टीम द्वारा विभिन्न ऑडियो-वीडियो विजुअल एवं प्रैक्टिकल सेशंस लिए गए। ध्यान सत्र का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को दैनिक जीवनचर्या में मानसिक शांति, एकाग्रता तथा आंतरिक संतुलन प्राप्त करने में सहायता प्रदान करना था। इस अवसर पर मंत्रालय के मुख्य सुरक्षा अधिकारी अविनाश शर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त (सुरक्षा) एवं संस्थान के मास्टर ट्रेनर प्रभाकर दास, श्रीमती संगीता दास, अरविन्द एवं डॉ. नील सहित वल्लभ भवन, सतपुड़ा एवं विंध्याचल के समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत रत्न डॉ. अम्बेडकर की जयंती पर किया नमन



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय संविधान के निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में कहा है कि डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने समता, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय के मूल्यों से भारत के नवनिर्माण की नींव को मजबूत किया। आपके विचार, संघर्ष और नेतृत्व सभी भारतीयों के लिए आत्मगौरव का प्रतीक हैं, जो हमें विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की सतत प्रेरणा देते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि डॉ. अम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को इन्दौर के महू में हुआ था। उनका अवसान 6 दिसम्बर 1956 को दिल्ली में हुआ। वर्ष 1990 में, उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से मरणोपरान्त सम्मानित किया गया।

## झूठी निकली गूगल के सीनियर मैनेजर की किडनेप कर जर्बदस्ती शादी कराने की रिपोर्ट



भोपाल (ए.)। शहर के कमला नगर थाने में गूगल के सीनियर मैनेजर गणेश शंकर द्वारा करीब चार साल पहले किडनेप कर जबरदस्ती शादी कराने की दर्ज कराई गई एफआईआर की एफआईआर झूठी साबित हुई है। गणेश ने आरोप लगाया था, कि लड़की वालों ने उसे अगवा कर जबरन शादी कराई और 50 लाख की मांग कर ब्लैकमेल किया। पूरे मामले की जांच के बाद कमला नगर पुलिस ने भोपाल जिला न्यायालय में खारिजी रिपोर्ट पेश की, जिसे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अरुण सिंह ने स्वीकार करते हुए केस बंद करने के आदेश दिए।

जानकारी के अनुसार गणेश ने पुलिस को बताया था, कि वह बेंगलुरु स्थित गूगल में सीनियर मैनेजर है, और शिलॉन्ग आईआईएम में पढ़ाई के दौरान उसकी पहचान सुजाता नामक युवती से हुई थी। साल 2019 में उनके बीच नजदीकियां बढ़ीं। 2020 में लड़की के माता-पिता ने शादी का प्रस्ताव रखा, लेकिन गणेश ने इंकार कर दिया। उसकी रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस टीम के सामने आया कि गणेश को शादी की पूरी जानकारी थी। उसने शादी से पहले अपने दोस्तों को व्हाट्सएप पर आमंत्रण भेजा था। वहीं मोबाइल की सीडीआर रिपोर्ट से दोनों के प्रेम संबंध की पुष्टि हुई और शादी की तस्वीरों में वह खुशी से समारोह में भाग लेते नजर आया, वह किसी नशे या दबाव में नहीं था। पुलिस जांच में यह भी पता चला की सुजाता ने गणेश से यह पूछते हुए मेल किया था, कि उसने किसी अन्य महिला से शादी क्यों की। इसके बाद सुजाता ने बेंगलुरु के ताला घट्टापुरा थाने में उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर दबाव बनाने के लिये गणेश ने कमला नगर थाने में झूठा मामला दर्ज कराया। पड़ताल के दौरान गणेश की पत्नी सुजाता ने अपने बयानों में बताया कि गणेश ने मतंगी नाम की महिला से इस घटना के बाद शादी कर ली थी। भोपाल में सुजाता से शादी के बाद जब गणेश अलग रहने लगा, तो वो अपने बहनोई के साथ बेंगलुरु के फ्लैट में गई। यहां सामने आया कि गणेश मातंगी के साथ रह रहा था।

# बाबासाहेब की जयंती पर रेलवे ने दिया उपहार, डॉ अंबेडकर नगर से नई दिल्ली के लिए नई ट्रेन

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को किया रवाना




भोपाल (ए.)। देश में रेल संपर्क सुविधा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप और भारतीय संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर रविवार 13 अप्रैल 2025 को नई रेलगाड़ी डॉ. अम्बेडकर नगर-कोटा-नई दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन, जो मध्य प्रदेश एवं राजस्थान राज्यों को भारत की राजधानी नई दिल्ली से सीधे जुड़ने की सौगात मिली। इस अवसर पर अध्यक्ष, लोकसभा ओम बिरला द्वारा रविवार 13 अप्रैल 2025 को डॉ. अम्बेडकर नगर एवं कोटा रेलवे स्टेशनों पर डॉ. अम्बेडकर नगर-कोटा-नई दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ कर हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान नई ट्रेन डॉ. अम्बेडकर नगर-कोटा-नई दिल्ली एक्सप्रेस को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डॉ. अम्बेडकर नगर रेलवे स्टेशन से महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, सांसद उज्जैन अनिल फिरोजिया, सांसद इंदौर शंकर लालवानी एवं राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार उपस्थित रहे। इनके अलावा कोटा एवं डॉ. अम्बेडकर नगर शहर के अन्य सांसदों/विधायकों और शहरों के गणमान्य नागरिकों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय जनसमूहों के रूप में मौजूद रहते हुए कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान कोटा रेलवे स्टेशन से पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मण्डल से मण्डल रेल प्रबंधक एवं डॉ.अम्बेडकर नगर रेलवे स्टेशन से पश्चिम मध्य रेल के रतलाम मण्डल से मण्डल रेल प्रबंधक सहित दोनों मंडलों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 10 वर्षों में रेलवे की दिशा और दशा दोनों बदली है। अब रेलवे केवल एक परिवहन साधन नहीं, बल्कि भारत के विकास का इंजन बन चुकी है। वंदे भारत और नमो भारत जैसी आधुनिक ट्रेनें भारत की गति, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की प्रतीक हैं। स्पीकर बिरला ने कहा कि यह केवल एक ट्रेन की शुरुआत नहीं, बल्कि विकास, संपर्क और सामाजिक समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बाबा साहेब की जन्मस्थली तक यह सीधी रेल सेवा उनके विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम बनेगी। यह ट्रेन कोटा को दिल्ली, इंदौर और उज्जैन जैसे प्रमुख शहरों से जोड़ेगी, जिससे व्यापार, शिक्षा, तीर्थाटन और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। 2028 में उज्जैन में प्रस्तावित सिंहस्थ कुंभ के दौरान यह सेवा हाड़ौती के श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगी।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंबेडकर जयंती पर इंदौर में संविधान का महाकुंभ कार्यक्रम में शपथ दिलाई।

## विक्रमोत्सव भारत के उत्कर्ष और नव जागरण का अभियान : डॉ. यादव

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विक्रमोत्सव भारत के उत्कर्ष और नव जागरण का ऐसा अभियान है, जो अब नहीं रुकेगा। विक्रमोत्सव ने भारत की सांस्कृतिक चेतना, ऐतिहासिक गौरव और राष्ट्रीय पुनर्जागरण के अभियान ने एक नई ऊर्जा और उत्साह के साथ जनमानस में स्थान बनाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश विरासत से विकास की थीम के अंतर्गत 14 जनवरी 2025 (संक्रांति) से गीता जयंती तक पूरे प्रदेश में श्रीकृष्ण पाथेय और सांस्कृतिक विरासत के विभिन्न पहलुओं को जन-जन से जोड़ा गया है।

# लोक निर्माण से लोक कल्याण प्रगति के पथ पर मध्यप्रदेश : हर मार्ग अब लोक कल्याण की ओर

### सड़क निर्माण मे आधुनिक तकनीक,पर्यावरण संरक्षण लोकपथ ऐप और गुणवत्ता नियंत्रण से बदला राज्य का बुनियादी ढांचा

भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश में अधोसंरचना विकास अब केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह समग्र सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी परिवर्तन का माध्यम बन चुका है। राज्य के लोक निर्माण विभाग द्वारा लोक निर्माण से लोक कल्याण के मूल मंत्र के साथ बुनियादी ढांचे को सुदृढ़, पारदर्शी और जनहितकारी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के अधीन 80,775 किलोमीटर लंबा सड़क नेटवर्क क्रियाशील है, जिसमें 9,315 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग, 11,389 किमी राज्य राजमार्ग, 25,639 किमी मुख्य जिला मार्ग तथा 34,432 किमी अन्य जिला मार्ग शामिल हैं। यह नेटवर्क प्रदेश के ग्रामों, नगरों, कृषि क्षेत्रों और औद्योगिक केंद्रों को एकसूत्र में पिरोने का कार्य कर रहा है। विगत 14 महीनों के दौरान 6,400 करोड़ रुपये की लागत से 5,500 किमी सड़कों का निर्माण एवं मजबूतीकरण, 345 करोड़ रुपये से 1,500 किमी का डामरीकरण तथा 2,000 करोड़ रुपये से 110 पुलों और एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण किया गया है। वर्तमान में 22,500 करोड़ रुपये लागत की 10,000 किमी सड़कों एवं 10,463 करोड़ रुपये से 474 पुलों और फ्लाईओवरों पर कार्य प्रगति पर है। राज्य सरकार द्वारा ग्वालियर, जबलपुर, भोपाल और इंदौर जैसे प्रमुख शहरों में एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। साथ ही नर्मदा प्रगतिपथ, विंध्य एक्सप्रेसवे, मालवा-निमाड़ कॉरिडोर, अटल प्रगतिपथ, बुंदेलखंड और मध्य भारत विकास पथ जैसी छह प्रमुख परियोजनाएं प्रारंभ की गई हैं, जो प्रदेश के पिछड़े अंचलों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ेंगी। प्रदेश के लगभग सभी राष्ट्रीय राजमार्गों को फोर लेन में परिवर्तित करने की योजना के अंतर्गत अब तक 4,740 किमी मार्गों का फोर लेन में उन्नयन किया जा चुका है, तथा शेष 3,050 किमी पर कार्य जारी है।

इस क्रम में मध्यप्रदेश शासन और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) के मध्य हाल ही में 1 लाख करोड़ रुपये की लागत से 4,010 किमी लंबाई की 22 नई सड़क परियोजनाओं हेतु ऐतिहासिक समझौता संपन्न हुआ है। इसमें इंदौर-भोपाल व भोपाल-जबलपुर हाईस्पीड ग्रीनफील्ड कॉरिडोर, लखनऊ-रायपुर एक्सप्रेसवे, आगरा-ग्वालियर, उज्जैन-झालावाड़, सतना-चित्रकूट और रीवा-सीधी जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शामिल हैं। उज्जैन सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत इंदौर-उज्जैन मार्ग का सिक्स लेन चौड़ीकरण एवं उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का कार्य प्रगति पर है, जो प्रदेश का पहला पूर्ण ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे होगा। साथ ही उज्जैन, सागर, जबलपुर में रोपवे परियोजनाओं का कार्य भी भारत सरकार के सहयोग से प्रारंभ किया गया है। गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए फुल डेप्थ रिक्लेमेशन, व्हाइट टॉपिंग, माइक्रो सर्फेसिंग जैसी नवीन तकनीकों को अपनाया गया है। निरीक्षण की सॉफ्टवेयर आधारित प्रणाली, गोपनीय कोडिंग और सैंपलिंग प्रक्रिया लागू की गई है। पिछले दो महीनों में 21 जिलों में 104 निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर दोषियों पर कार्रवाई की गई तथा श्रेष्ठ कार्यों को सम्मानित किया गया।

## विविध-समाचार

## सांसद डॉ लता वानखेड़े ने की मंत्री गोविंद सिंह राजपूत से सौजन्य भेंट

**-ताशकंद उज़्बेकिस्तान की बैठक के अनुभव किया साझा**

भोपाल (आरएनएस)। सांसद डॉ लता वानखेड़े ने सोमवार को खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत से उनके कार्यालय पहुंचकर सौजन्य भेंट की। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सांसद डॉ लता वानखेड़े का स्वागत एवं अभिनंदन किया। बैठक के दौरान ताशकंद, उज़्बेकिस्तान में आयोजित पांच दिवसीय अंतर संसदीय संघ की बैठक के अनुभव डॉ लता वानखेड़े ने मंत्री श्री राजपूत से साझा किया। श्री राजपूत ने सांसद डॉ लता वानखेड़े को अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर हरिराम सिंह ,रोशन कुर्मी ,उमेश केवलारी,रवि ठाकुर, संजय सिंह बीना,अर्जुन पटेल,अशोक सिंह सेवन आदि उपस्थित रहे उपस्थित रहे।

## भारत रत्न डॉ.भीमराव अम्बेड़कर की जयन्ती

**महापौर ने शंकराचार्य नगर में किए श्रद्धा-सुमन अर्पित**

भोपाल (आरएनएस)। भारत रत्न डॉ.बाबा साहेब भीमराव अम्बेड़कर की 135वी जयन्ती के अवसर पर महापौर मालती राय ने शंकराचार्य नगर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. अम्बेड़कर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और बच्चों में मिष्ठान वितरण भी किया। सोमवार को शंकराचार्य नगर में आयोजित डॉ.भीमराव अम्बेड़कर जयन्ती पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद गीता प्रसाद माली के अलावा स्थानीय रहवासीगण मौजूद थे।

## एम्स इमरजेंसी में मरीज के परिजनो ने डॉक्टर से किया दुर्व्यवाहर

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल एम्स के आपातकालीन विभाग में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर के साथ मरीज के परिजनों द्वारा कथित रूप से मारपीट और दुर्व्यवाहर किये जाने का मामला सामने आया है। अस्पताल के सुरक्षा गार्ड और वहॉ तैनात पुलिसकर्मी ने एक आरोपी को पकड़ लिया जबकि दो आरोपी भागने में कामयाब रहे। मिली जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर के समय 39 वर्षीय मरीज संतोष कुमार को नाजूक हालत में परिजन इलाज के लिये लेकर आये थे। ड्यूटी पर तैनात जूनियर डॉक्टरो ने उनकी गंभीर स्थिति परिवार वालो को बता रहे थे। उसी दौरान तीन युवकों ने डॉक्टर से बहस करनी शुरु कर दी। डॉक्टर ने जब उनका विरोध करते हुए वहॉ से जाने को कहा तब युवको ने गाली गलौच करते हुए उनके साथ झूमाझटकी करते हुए शर्ट फाड़ दी। हंगामा होता देख हॉस्पिटल में तैनात सुरक्षा गार्ड और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। इस दौरान दो आरोपी वहॉ से भाग गए, लेकिन एक आरोपी को पकड़कर बागसेवनिया पुलिस के हवाले कर दिया गया। घटना को लेकर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

## शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में आज रहेगी 3 घंटे की ओपीडी

भोपाल (आरएनएस)। सोमवार को शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं की ओपीडी प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक संचालित होगी। दो दिवस निरंतर अवकाश होने की स्थिति में द्वितीय अवकाश के दिन ओपीडी संचालित किए जाने के संबंध में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा निर्देश दिए गए हैं। 13 अप्रैल को रविवार और 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती का सार्वजनिक अवकाश है। लगातार दो दिन के अवकाश होने के कारण मरीजों को उपचार लेने में असुविधा न हो, इसे देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल द्वारा 3 घंटे की ओपीडी संचालित रखने के निर्देश दिए जारी किए गए हैं। चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को भी ड्यूटी पर उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

## पति को बाथरूम में बंद कर पत्नि ने लगा ली फांसी

**-पेट दर्द की बीमारी से परेशान रहती थी महिला**

भोपाल(ए)। कोलार थाना इलाके में रहने वाली विवाहिता ने रात के समय अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। बताय गया है कि रात के समय उसका पति बाथरूम जाने के लिए उठा था, पत्नी ने बाथरूम के दरवाजे की कड़ी बाहर से लगा दी। और पति को बंद करने के बाद फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली। थाना पुलिस के अनुसार टूलिप ग्रीन कालोनी कजलीखेड़ा में रहने वाला भानू बंजारे मिस्त्री है, साथ ही वह ठेके लेकर भी काम करता है। उसके परिवार में पत्नि किरण बंजारे (35) सहित दो बच्चे है। इन दिनो भानु इसी कॉलोनी में वह अपने मकान का निर्माण करवाने के साथ ही निर्माणाधीन मकान में ही परिवार के साथ रहता है। पास में ही उसके दो और भाई भी रहते हैं। शनिवार रात भानु अपनी पत्नी और बच्चो के साथ कमरे में सो रहा था। रात के समय भानू बाथरूम जाने के लिए उठा , इस दौरान पत्नि किरण की भी नींद खुल गई। पति के बाथरूम के भीतर जाने पर वह उठी और उसने बाथरुम का दरवाजा बंद कर पति को अंदर बंद कर दिया। जब काफी देर की कोशिश के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तब भानु ने जोर-जोर आवाज लगाई, उसके शोर की आवाजे सुनकर पास मे रहने वाले भाई उसके घर पहुंचे तो उन्हें घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला। जैसै-तैसै खिड़की का कांच तोड़कर वे अंदर आये तो उन्हें किरण का शरीर फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। पति भानू ने भाईयो के साथ किरण को तुरंत ही फंदे से उतारकर इलाज के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन तब तक किरण की मौत हो चुकी थी। डाक्टर ने उसे मृत घोषित करते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि किरण पेट की बीमारी से पीड़ित थी, उसे रह-रहकर पेट में तेज दर्द होता था। हालांकि उसका इलाज चल रहा था, लेकिन पेट दर्द की बीमारी में आराम नहीं लगने से वह काफी परेशान रहती थी। पुलिस को आंशका है, कि बीमारी के कारण तनाव में आकर ही उसने यह आत्मघाती कदम उठाया होगा। हालांकि जॉच टीम का कहना है, की परिजनो के बयान दर्ज होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंपते हुए पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## नकली नोट छापकर चलाते थे मार्केट में, पचास हजार के नकली नोटों के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

इंदौर (ए.)। इंदौर पुलिस ने छिंदवाड़ा के तीन युवकों को नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है। वे खुद नकली नोट छापते थे और उसे मार्केट में चलाते थे। तीनों इंदौर के एक होटल में रुके हुए थे। पुलिस ने उसके पास से पचास हजार के नकली नोटों की गड्डी, नोट का कागज, कलर प्रिंटर जब्त किया है। आरोपियों के नाम अब्दुल शोएब, रहीश खान और प्रफुल्ल कुमार कोरी है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि तीन युवक मार्केट में नकली नोट चलाने की कोशिश कर रहे है। इसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने बताया कि इंदौर बड़ा शहर है। दुकानों पर भी भीड़ ज्यादा रहती है। इस कारण यहां नकली नोट जल्दी चलाए जा सकते थे। उनके पास से पचास हजार के नकली नोट मिले।

पुलिस को अलग-अलग सीरिज के नकली नोट भी मिले है। आरोपियों के पास से एक लैपटॉप, एटीएम कार्ड भी बरामद हुआ है। पुलिस को आशंका है कि नकली नोट छापने के गिरोह में अन्य सदस्य भी शामिल हो सकते है। कुछ समय पहले ही तीनों युवकों ने नकली नोट छापने का काम शुरू किया था। उन्होंने इसका तरीका यू ट्यूब पर देखा था।

## टेकरी विवाद में पुजारियों ने दिया तीन दिन का अल्टीमेटम, आरोपी माफी मांगे नहीं तो...





देवास ()। देवास टेकरी पर पुजारी से मारपीट मामले में कांग्रेस हमलावर है। नेताओं ने मंदिर पहुंचकर पुजारी के पैर धोकर क्षमा मांगी। इंदौर पुजारी संघ ने आरोपी को तीन दिन में माफी मांगने का अल्टीमेटम दिया है। पुजारियों के संरक्षण के लिए कानून बनाने की भी मांग उठाई गई है।

देवास टेकरी पर रात में पुजारी से मारपीट का मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा। कांग्रेस लगातार मामले को तूल दे रही है। सोमवार को भी कांग्रेस नेता पहुंचे और पीड़ित पुजारी के पैर धोए। वहीं इंदौर के मठ मंदिर पुजारी संघ ने भी तीन दिन में आरोपी से माफी मांगने का अल्टीमेटम दिया है। बता दें कि कुछ दिन पहले इंदौर विधायक गोलू शुक्ला के पुत्र रुद्राक्ष शुक्ला अपने कुछ साथियों के साथ देवास टेकरी पहुंचे थे। रात करीब 12 बजे जब मंदिर के पट बंद थे, तब शुक्ला के साथ आए जीतू रघुवंशी ने पुजारी से अभद्रता की थी। घटना से जुड़े वीडियो फुटेज भी सामने आए थे। तभी से मामले में कांग्रेस हमलावर है। क्योंकि विधायक गोलू शुक्ला सनातनी विधायक के रूप में पहचान बना रहे हैं, वहीं इस घटना को कांग्रेस सनातन का अपमान बता रहे हैं।

बुधवार को कांग्रेस का एक दल टेकरी पहुंचा, जिसमें पिंटू जोशी, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा भी थे। उन्होंने मंदिर के सामने पीड़ित पुजारी उपदेश के पैर धोकर सनातन का अपमान होने की क्षमा मांगी। मामले में सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि हम मां से क्षमा मांगने आये हैं। जिन आततायियों ने तेरा अपमान किया है, लोगों ने तेरा प्यार देखा है। हम प्रार्थना करने आए हैं कि मां क्रोध मत करना। वो तो पापी हैं, दंड के भागीदारी हैं, वो बच नहीं सकते। कलयुग में औरंगजेब ने मंदिर तोड़े थे, ये तो आरोप है। पर ये तो हिंदू औरंगजेब बन गए। जो रात में मंदिर में घुसकर भगवान के शयन में खलल डालते हैं। चाहे खजराना मंदिर हो, चाहे महाकाल हो या मां चामुंडा का मंदिर है। मैं इन्हें हिंदू औरंगजेब कहता हूं। मां इनको दंड जरूर देगी।

# 22 हजार बुजुर्गों की पेंशन बंद, नगर निगम के चक्कर काट रहे, नेता अधिकारी किसी के पास जवाब नहीं



इंदौर (ए.)। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत पेंशन प्राप्त करने वाले बुजुर्गों में से 22 हजार 398 बुजुर्गों की पेंशन बंद हो गई है। इंदौर नगर निगम द्वारा ई-केवाईसी नहीं करने के कारण इन बुजुर्गों की पेंशन रोक दी गई है। बहुत से बुजुर्ग अपनी पेंशन की राशि नहीं आने के कारण कभी नगर निगम के जोनल कार्यालय तो कभी पार्षद के कार्यालय पर चक्कर लगाते नजर आ रहे हैं।

**इस तरह से बुजुर्गों को परेशान किया जा रहा**

ऐसे बहुत से बुजुर्ग नगर निगम मुख्यालय तक भी पहुंचते हैं, लेकिन कोई भी उन्हें यह जवाब देने की स्थिति में नहीं रहता है कि आखिर उनकी पेंशन की राशि उनके खाते में क्यों नहीं आ रही है। पार्षद के कार्यालय से इन बुजुर्गों को यह कहकर रवाना कर दिया जाता है कि जोनल कार्यालय पर जाकर मालूम करो कि पेंशन कैसे रुक गई? जब बुजुर्ग जोनल कार्यालय पर पहुंचते हैं तो वहां पर कहा जाता है कि मुख्यालय पर जाकर मालूम करो कि पेंशन क्यों रुकी है? यह बुजुर्ग जब मुख्यालय पर जाते हैं तो वहां पर उन्हें जवाब देने वाला कोई नहीं होता है।

**कांग्रेस की पार्षद ने मांगा था जवाब**

नगर निगम परिषद की पिछली बैठक में कांग्रेस की पार्षद सुनीला मिमरोट ने इस बारे में पार्षद प्रश्न लगाते हुए पूछा था कि 1 जनवरी 2024 को विभिन्न योजनाओं के तहत कितने बुजुर्गों को पेंशन प्राप्त हो रही थी। इस प्रश्न के जवाब में नगर निगम की ओर से कहा गया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 12170, सामाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 50556 तथा मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना के तहत 4782 बुजुर्गों को पेंशन प्राप्त हो रही थी। इस तरह कुल 65508 बुजुर्गों को पेंशन मिल रही थी। नगर निगम द्वारा शत प्रतिशत समग्र आधार ई-केवाईसी करने के लिए 22398 बुजुर्गों की पेंशन अस्थायी रूप से बंद कर दी गई।

## बिजली कंपनी की मनमानी आई सामने, बिना स्टीमेट के कर दिए पोल शिफ्टिंग, अधिकारी को पता ही नहीं



सीहोर (ए.)। बिजली कंपनी जो कर दे कम है। बिजली कंपनी की कार्यप्रणाली और यहां पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की मनमानियों से जब-तब मामले सामने आते रहते हैं। इसी तरह वसूली कार्य के दौरान जबरन वाहन उठा लेना या फिर पूरे गांव का ही बिजली कनेक्शन काट देने जैसी घटनाएं सामने आती रहती हैं। अबकी बार महकमे के इंजीनियर का एक नया कारनाम सामने आया है, जहां बिना स्टीमेट स्वीकृत हुए पोल शिफ्ट कर दिए गए। ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कंपनी ने नियमों की अनदेखी कर पोल शिफ्टिंग कार्य करना बताया जा रहा है।

दरअसल, यह मामला जिले के बिलकिसगंज वितरण केंद्र का है। जहां बडझिरी से बिलकिसगंज जोड़ सीहोर तक रोड चौड़ीकरण कार्य चल रहा है। यहां पर 33, 11 और अन्य छोटी बिजली लाइन शिफ्ट की जानी है, जिसका स्टीमेट तैयार कर बिजली कंपनी में स्वीकृति के लिए है। बिजली पोल और लाइन शिफ्ट करने का स्टीमेट अभी स्वीकृत नहीं हुआ है और मार्ग से दो बिजली पोल हटा दिए गए हैं।

**ठेकेदार की मिलीभगत से कर रहे काम**

नियमों की अवहेलना कर बिजली अफसर अपनी मनमानी पर उतारू हैं।

## पानी मांगने पर FIR: तीन महिला समेत आठ लोगों पर मामला दर्ज, सांसद बोले- मांग करना जनता का अधिकार, अधिकारी पर...



खंडवा (ए.)। मध्यप्रदेश के खंडवा शहर में पीने के पानी की मांग करने पर आठ से अधिक लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। मामले में क्षेत्रीय सांसद ने भी ऐसे अधिकारी पर कार्रवाई करने की बात कही है। वहीं, पीड़ित महिलाओं और कांग्रेस नेताओं ने भी इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए इसे अन्याय बताया है।

खंडवा शहर के कई वार्ड में इन दिनों विश्वा कंपनी की वजह से कृत्रिम जल संकट बना हुआ है। यहां पेयजल वितरण कर रही विश्वा कंपनी की पाइप लाइन बार-बार फूट रही है। ऐसे में खंडवा निगम टैंकरों से पानी सप्लाई कर व्यवस्था बनाने की कोशिश कर रहा है। लेकिन लोगों का कहना है कि टैंकरों का पानी पीने योग्य नहीं है। क्योंकि टैंकरों से जो पानी आ रहा है, वह गंदा है। इसको लेकर ही गुस्साए लोगों ने सड़कों पर आकर चक्काजाम किया था। उसके बाद बाहेती कॉलोनी के आठ से अधिक रहवासियों पर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने एफआईआर दर्ज करवा दी। इस मामले में पुलिस ने सिविल लाइन निवासी निगम इंजीनियर की शिकायत पर आठ लोगों पर बीएनएस की धारा- 223, 3 (5) के अंतर्गत कार्रवाई की है। इसमें बाहेती कॉलोनी की तीन महिलाओं समेत आठ नामजद और अन्य लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।

वहीं, खुद पर एफआईआर दर्ज होने के बाद नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष दीपक राठौर ने कहा कि खंडवा पहला शहर है, जहां पानी मांगने पर एफआईआर मिलती है। बार-बार पाइप लाइन फूटने के कारण शहर में जल संकट है। लोग पानी के लिए तरस रहे हैं।

# सात मौतों के आरोपी डॉक्टर ने बनवाए तीन पासपोर्ट, एक की वैधता खत्म, दो पर कई बार की विदेश यात्रा



दमोह (ए.)। मध्यप्रदेश में दमोह के मिशन अस्पताल में सात मरीजों की मौत के आरोपी डॉक्टर नरेंद्र यादव उर्फ एन जॉन कैम 17 अप्रैल तक पुलिस रिमांड में है, जिससे एसआईटी पूछताछ कर रही है। खुलासा हुआ है कि आरोपी ने तीन अलग-अलग पासपोर्ट बनवाए थे। एक पासपोर्ट नरेंद्र यादव के नाम से था, जिसकी वैद्यता समाप्त हो चुकी है। उसके बाद आरोपी डॉक्टर ने नरेंद्र विक्रमादित्य और एन जॉन कैम नाम से दो अलग-अलग पासपोर्ट भी बनवाए।

खास बात यह है कि दो पासपोर्ट कैसे बन गए और इन दोनों पासपोर्ट पर आरोपी डॉक्टर ने कई बार विदेश यात्राएं भी कर ली। सबसे बड़ी बात यह है कि उन दोनों पासपोर्ट में विदेश यात्रा की सील लगी हुई है। जानकारी के अनुसार, दो पासपोर्ट में से एक पासपोर्ट की अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2025 है और दूसरे पासपोर्ट की वैद्यता 2027 तक है।

**आरोपी का मोबाइल पुलिस कर रही उपयोग**

वहीं, दूसरी तरफ आरोपी डॉक्टर की गिरफ्तारी के साथ पुलिस ने उसका मोबाइल भी जब्त किया है, जो अभी चालू है और पुलिस उस मोबाइल को ऑपरेट कर रही है। मोबाइल पर आने वाले मैसेज पर रिप्लाई भी दे रही। इस बात का खुलासा आरोपी डॉक्टर नरेंद्र यादव के वकील सचिन नायक ने किया। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले मैने डॉक्टर के मोबाइल पर मैसेज किया था कि मैं कोर्ट की सुनवाई के दौरान दमोह आ रहा हूं, जिस पर मुझे रिप्लाई में ओके लिखा गया था। ऐसा माना जा रहा है कि पुलिस आरोपी डॉक्टर के मोबाइल को इसलिए ऑपरेट कर रही है, ताकि उसके संपर्क से जुड़े लोगों की जानकारी मिल सके, जिससे जांच में मदद मिलेगी।

**जमानत अर्जी हो गई खारिज**

आरोपी डॉ. नरेंद्र यादव की पुलिस रिमांड रविवार को खत्म होने के बाद पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। यहां आरोपों के अधिवक्ता ने जमानत याचिका लगाई, जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया और चार दिन के लिए पुलिस रिमांड बढ़ा दी गई।

आरोपी के वकील सचिन नायक ने बताया कि उन्होंने अपने पक्षकार की जमानत के लिए अर्जी लगाई थी। पुलिस रिमांड बढ़ाए जाने पर भी आपत्ति ली थी, लेकिन न्यायाधीश ने उनकी दलील नहीं मानी। अब एसआईटी पूछताछ के बाद 17 अप्रैल को फिर से आरोपी डॉक्टर को कोर्ट में पेश करेगी। आरोपी का जमानत आवेदन सेशन कोर्ट में लगाने की बात अधिवक्ता द्वारा कही गई।

## खेल समाचार

# अक्षय तृतीया तक एक लाख के पार पहुंच सकता है सोने का भाव, टैरिफ के कारण लगातार बनी हुई है तेजी



नई दिल्ली(ए.)। लगातार नई ऊंचाई छू रहा सोना इस साल अक्षय तृतीया तक एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच सकता है। इस समय यह 96,000 रुपये से ऊपर है। पिछले साल अक्षय तृतीया से लेकर अब तक सोने की कीमत में 32 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है।

विश्लेषकों का कहना है कि इस साल की शुरुआत से ही सोने में तेजी लगातार बनी हुई है। हर तीसरे दिन इसने नई ऊंचाई छुआ है। अब यह एक लाख रुपये का स्तर छूने की ओर बढ़ रहा है। ?मौजूदा वैश्विक हालात में यह किसी भी दिन इस मनोवैज्ञानिक स्तर को छू सकता है। शुक्रवार को सोने की कीमतों में 6,250 रुपये की बड़ी तेजी देखने को मिली थी, जिससे यह पहली बार 96,000 रुपये को पार कर गया।

दरअसल, कई देशों के बीच तनाव और अमेरिकी टैरिफ के कारण सुरक्षित मानी जाने वाली इस बहुमूल्य धातु की कीमतों में इस साल जबरदस्त तेजी दिखी है। सोना इस साल अब तक 22 फीसदी या 17,000 रुपये महंगा हो गया है। विश्लेषकों का कहना है कि अक्षय तृतीया के दिन सोना खरीदना शुभ माना जाता है। इसलिए, खुदरा कारोबारियों से लेकर खुदरा ग्राहकों में इस महीने भारी खरीदी देखी जा सकती है। ऐसे में मांग वृद्धि से कीमतें बढ़ सकती हैं। अक्षय तृतीया इस साल 30 अप्रैल को है। उसके बाद शादी-विवाह के भी शुभ मुहूर्त शुरू हो जाएंगे। ऐसे में यहां से सोने में लगातार खरीदारी का रुझान बना रहेगा। 10 मई, 2024 को अक्षय तृतीया के दिन सोने का भाव 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। अब यह 96,000 रुपये के पार पहुंच गया है। हाल के समय में रुपया भी डॉलर की तुलना में अच्छा खासा सुधरा है। डॉलर पर बन रहे दबाव की वजह से भी पीली धातु की कीमतों में तेजी आने की उम्मीद है।

**छह साल में एक लाख को बनाया तीन लाख से ज्यादा**

सोने ने अपने निवेशकों को छह साल में तीन गुना से ज्यादा रिटर्न दिया है। 2019 में अक्षय तृतीया के दिन 10 ग्राम सोने का भाव 31,729 रुपये था। 2020 में यह अक्षय तृतीया के दिन 32 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 46,000 रुपये के पार पहुंच गया। 2021 में 2.5 फीसदी की तेजी के साथ 47,000 रुपये के पार तो 2022 में 6 फीसदी के उछाल के साथ पहली बार 50,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार चला गया।

## निवेश-बचतः रेपो दर में कटौती का उठाएं फायदा, ऐसे कम करा सकते हैं होम लोन की किस्त




नई दिल्ली(ए.)। महंगाई पर नियंत्रण के बाद अब आरबीआई का ध्यान आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने पर है। इसी उद्देश्य को लेकर केंद्रीय बैंक ने रेपो दर में 0.25 फीसदी कटौती की घोषणा की है। इस तरह, आरबीआई फरवरी से अब तक रेपो दर में 0.50 फीसदी की कटौती कर चुका है। रेपो रेट वह दर है, जिस पर आरबीआई दूसरे बैंकों को छोटी अवधि के लिए कर्ज देता है। इन दरों में बदलाव का असर बैंक की ब्याज दरों पर भी पड़ता है। यानी कि जब रेपो रेट कम होता है, तब इससे आम ग्राहकों को कर्ज की ईएमआई में राहत मिलती है।

**पुराने और नए दोनों ग्राहकों को लाभ**

जब रेपो रेट घटता है, तो बैंक भी अपने लोन प्रोडक्ट यानी कर्ज की ब्याज दरों में कटौती करते हैं और नए कर्जदारों को कम ब्याज पर ऋण मिल सकता है। लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि पुराने ग्राहक जिनका पहले से लोन चल रहा है, उन्हें इससे कोई फायदा नहीं होगा। ध्यान रहे कि अगर आपका लोन फिक्स्ड रेट पर है तो रेपो दर में बदलाव का असर आपके कर्ज पर नहीं पड़ेगा जब तक कि आप अपना लोन फिक्स्ड रेट से फ्लोटिंग रेट में नहीं बदलवा लेते। लेकिन, होम लोन अक्सर लंबी अवधि के लिए फ्लोटिंग रेट सिस्टम पर आधारित होते हैं और रेपो दर से जुड़े होते हैं। अगर आरबीआई ने रेपो दर कम किया है तो आपकी फ्लोटिंग रेट वाले होम लोन की ब्याज दरें भी कम हो जाएंगी। लेकिन, हो सकता है कि इसमें थोड़ा समय लग जाए।

इसका कारण यह है कि लोन देते समय बैंक ग्राहकों के साथ एक एग्रीमेंट करता है, जिसमें कर्ज की एक रिसेट डेट यानी बदलाव करने की तारीख तय होती है, जो अक्सर तीन महीने में एक बार होती है।

अब मान लीजिए कि आपके होम लोन की रिसेट डेट मार्च में तय थी तो फरवरी में ब्याज दरों में हुई कटौती का फायदा आपको मिल गया होगा, लेकिन आरबीआई की ओर से अप्रैल में रेपो दर में जो कमी की गई, उसका लाभ आपको जुलाई में ही देखने को मिलेगा।

**किस्त घटाने के लिए करना होगा आवेदन**

अब यदि आप सोच रहे है कि आपके मौजूदा होम लोन की मासिक किस्त खुद-ब-खुद कम हो जाएगी तो ऐसा नहीं होगा। बैंक ग्राहकों को कर्ज देते समय उस वक्त पर प्रभावित ब्याज दरों के आधार पर ईएमआई तय करते हैं। आप जो ईएमआई अदा करते हैं, उसका एक हिस्सा ब्याज के रूप में बैंक ले लेता है और दूसरा हिस्सा आपके कर्ज राशि में समायोजित होता है।

## भारत टैरिफ पर रोक के बाद अमेरिका को 40000 टन झींगा भेजेगा, रोके गए शिपमेंट जाने को तैयार




नई दिल्ली (ए.)। डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर लगाए गए जवाबी टैरिफ पर 90 दिनों की रोक के बाद भारतीय कारोबारी झींगे की एक बड़ी खेप अमेरिका भेजने की तैयारी में हैं। जानकारों के अनुसार भारत के समुद्री खाद्य निर्यातक अमेरिका को 35,000-40,000 टन झींगा भेजने की तैयारी कर रहे हैं। उद्योग से जुड़े लोगों के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से 26 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क लगाने की योजना पर रोक लगाने और शुल्क को घटाकर 10 प्रतिशत करने के बाद ऑर्डर की संख्या स्थिर है।

भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ के महासचिव केएन राघवन ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, "अब हमें काफी राहत मिली है, क्योंकि हम अब आयात शुल्क के मामले में अमेरिका के अन्य निर्यातकों के बराबरी पर पहुंच गए हैं। अब रोके गए शिपमेंट पर काम किया जाएगा।"

# हर पांच में एक आईफोन भारत में बना, एपल को अमेरिका में उत्पादन के लिए करना होगा इंतजार

नई दिल्ली (ए.)। आईफोन बनाने वाली एपल हर पांच में से एक फोन भारत में बना रही है। अप्रैल, 2024 से मार्च, 2025 के बीच एक साल में इसने भारत में 1.90 लाख करोड़ रुपये या 22 अरब डॉलर मूल्य के फोन का निर्माण किया है। यह उसके पहले के साल की तुलना में 60 फीसदी अधिक है। साथ ही, यह चीन से दूर कंपनी के निरंतर विविधीकरण का नतीजा भी है। हालांकि, एपल का मानना है कि फिलहाल अमेरिका में ऐसे हालात नहीं हैं, जहां वे तत्काल आईफोन का उत्पादन शुरू कर सकें।

यह वृद्धि दर्शाती है कि आईफोन निर्माता और उसके आपूर्तिकर्ता चीन से भारत की ओर रुख कर रहे हैं। यह प्रक्रिया तब शुरू हुई जब कोरोना के कारण लगे कठोर लॉकडाउन ने एपल के सबसे बड़े प्लांट में उत्पादन को प्रभावित किया। भारत में निर्मित आईफोन का बड़ा हिस्सा



दक्षिण भारत में स्थित फॉक्सकॉन के कारखाने में असेंबल किया जाता है। विस्ट्रॉन कॉर्प को खरीदने और पेगाट्रॉन कॉर्प के संचालन को नियंत्रित करने वाली टाटा समूह की इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण कंपनी भी इसमें महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

**ट्रंप प्रशासन की जवाबी टैरिफ से छूट**

ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार देर रात स्मार्टफोन और कंप्यूटर सहित इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों को जवाबी टैरिफ से छूट दे दी। यह एपल और एनवीडिया कॉर्प जैसी कंपनियों के लिए अच्छी खबर है। हालांकि यह छूट ट्रंप द्वारा चीन पर लगाए गए अलग से 20 फीसदी शुल्क पर लागू नहीं होती है, जिसका इस्तेमाल बीजिंग पर नकेल कसने के लिए दबाव बनाने के लिए किया गया था।

**चीन पर शुल्क से भारत को फायदा**

भारत में बने आईफोन पर अभी अमेरिका कोई शुल्क नहीं लगा रहा है। चीन पर चूंकि अमेरिका ने भारी भरकम शुल्क लगा दिया है, इसलिए एपल जैसी कंपनियों को अपनी आपूर्ति श्रृंखला में बदलाव को तेज करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इसका सीधा फायदा भारत को होगा। हालांकि, करीब 200 आपूर्तिकर्ताओं और चीन पर अत्यधिक निर्भरता के कारण अन्य देशों में जाने में कई साल लग सकते हैं।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## मुद्दों का सौहार्दपूर्ण समाधान

भारत और श्रीलंका ने पहली बार सैन्य क्षेत्र में गहन सहयोग के लिए ढांचे को संस्थागत बनाने के संबंध में शनिवार को रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। कोलंबो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने कुल सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए। मोदी-दिसानायके वार्ता में 10 से ज्यादा ठोस परिणाम निकले और सबसे महत्त्वपूर्ण तो यह कि दोनों देश सैन्य क्षेत्र में गहन सहयोग को राजी हुए हैं। बेशक, यह फैसला दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इसलिए भी कि यह समझौता श्रीलंका में भारतीय शांति रक्षा सेना के हस्तक्षेप के करीब 35 साल बाद हुआ है। भारत के लिए मोदी का श्रीलंका दौरा इसलिए भी सफल कहा जा सकता है कि दिसानायके ने प्रधानमंत्री मोदी को आासन दिया है कि श्रीलंका अपने भूभाग का इस्तेमाल किसी भी तरह से भारत के सुरक्षा हितों के प्रतिकूल कदमों के लिए नहीं होने देगा। जब-जब पड़ोसी चीन श्रीलंका के साथ दोस्ताना होता है, तब-तब भारत की पेशानी पर चिंता की लकीरें उभरने लगती हैं। लेकिन अब श्रीलंका से स्पष्ट आासन मिलने से भारत को बड़ी राहत का अहसास हुआ है। दरअसल, दोनों पड़ोसी देशों बीच ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और आत्मीयता से भरे संबंध रहे हैं, दोनों देशों की साझा बौद्ध विरासत है, दोनों की सुरक्षा एक दूसरे से जुड़ी हुई है, और दोनों परस्पर निर्भर कहे जा सकते हैं। दिसानायके इस बात से वाकिफ हैं। संभवत: यही कारण रहा कि राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना। मोदी को भी उन्होंने अपना पहला विदेशी मेहमान बनाया और उन्हें श्रीलंका के सर्वोच्च सम्मान 'मित्र विभूषण' से भी नवाजा। भारत भी श्रीलंका की मित्रता को खासा तवज्जो देता है, और इसकी पुष्टि इस बात से होती है कि 2014 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी का यह चौथा श्रीलंका दौरा था। चाहे 2019 का आतंकवादी हमला हो, कोविड महामारी हो या हाल में आया आर्थिक संकट हो, हर कठिन परिस्थिति में भारत ने श्रीलंका की तरफ मदद का हाथ बढ़ाया है। श्रीलंका हमारी 'पड़ोसी पहले' नीति और 'महासागर' दृष्टिकोण से भी हमारे लिए विशेष स्थान रखता है। अलबत्ता, श्रीलंका में तमिलों की आकांक्षाओं और भारतीय मछुआरों के श्रीलंका के जल क्षेत्र में पकड़े जाने जैसे विवादास्पद मुद्दे हैं। उम्मीद है कि इन मुद्दों का सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने में भी दोनों पड़ोसी देश सफल होंगे।

# बेहाल वृद्धों के लिये आयोग बनना एक सराहनीय कदम

ललित गर्ग

केरल भारत का पहला राज्य बन गया है जिसने वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोग स्थापित करने के लिए एक कानून पारित किया है। यह एक सराहनीय एवं स्वागत योग्य पहल होने के बावजूद एक बड़ा सवाल भी खड़ा करती है कि आखिर भारत के बुजुर्ग इतने उपेक्षित एवं प्रताड़ित क्यों है? केरल जैसे शिक्षित राज्य में ही इस आयोग को बनाने की जरूरत क्यों सामने आयी? केरल में क्यों सामाजिक सुरक्षा, स्नेह, सुरक्षा की वह छांव लुप्त होती जा रही है, जिसमें बुजुर्ग खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। क्यों केरल में ही बुजुर्ग सर्वाधिक अकेलेपन एवं एकाकीपन का संत्रास झेलने को विवश हो रहे है? केरल में कई बुजुर्ग लोगों को युवा पीढ़ी के हाथों गरीबी और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रांत में कई गांव ऐसे हैं जहां केवल बुजुर्ग ही बचे हैं, प्रश्न है कि ऐसा क्यों हो रहा है? यूं तो समूचे देश में बुजुर्गों की लगभग यही स्थिति बन रही है, जो सामाजिक व्यवस्था पर एक बदनुमा दाग है।

केरल योजना बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, दक्षिणी राज्य पूरे भारत की तुलना में अधिक तेजी से वृद्ध हो रहा है। 1961 में, केरल में 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की संख्या कुल जनसंख्या का 5.1 प्रतिशत थी, जो राष्ट्रीय औसत 5.6 प्रतिशत से थोड़ा कम थी। हालांकि, 1980 के दशक तक, राज्य ने बाकी राज्यों को पीछे छोड़ दिया। 2001 तक यह हिस्सा बढ़कर 10.5 प्रतिशत हो गया, जबकि राष्ट्रीय औसत 7.5 प्रतिशत था। 2011 में यह 12.6 प्रतिशत था, जबकि राष्ट्रीय औसत 8.6 प्रतिशत था। केरल के योजना बोर्ड के अनुसार, 2015 में यह बढ़कर 13.1 प्रतिशत हो गया, जबकि राष्ट्रीय औसत 8.3 प्रतिशत था। अब, दक्षिणी राज्य में 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 4.8 मिलियन लोग हैं। इसके अलावा, बुजुर्ग समूह का 15 प्रतिशत 80 वर्ष से अधिक आयु का है, जो इसे बुजुर्ग लोगों के बीच सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला आयु समूह बनाता है। 60 से अधिक आयु वर्ग में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या अधिक है और उनमें से अधिकांश विधवाएं हैं। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने बुधवार को पारित इस कानून की सराहना करते हुए कहा कि यह नया आयोग बुजुर्गों के अधिकारों, कल्याण और पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करेगा।

देश में बुजुर्गों की हालत दिन-ब-दिन जटिल होती जा रही है। केरल देश के सबसे शिक्षित राज्यों में शुमार होता है तो बुजुर्गों के प्रति बरती जा रही उपेक्षा, उदासीनता एवं प्रताड़ना में भी सबसे आगे है। लगभग 94 फीसदी साक्षरता वाले इस राज्य में बुजुर्ग शिक्षित युवाओं के पलायन का संत्रास झेल रहे हैं। राज्य के करीब 21 लाख घरों में युवाओं के पलायन करने के कारण सिर्फ बुजुर्ग बचे हैं। गांव के गांव पलायन का दंश झेलते हुए वीरान हो चुके हैं। लाखों घरों में सिर्फ ताले लटके नजर आते हैं।



खाड़ी के देशों में जाकर सुनहरा भविष्य तलाशने की होड़ में इसी प्रांत के सर्वाधिक युवा है। भले ही इस प्रांत ने सर्वाधिक शिक्षा से प्रगतिशील सोच दी है, लेकिन अंतहीन भौतिक लिप्साओं को भी जगाया है, जिससे ही बुजुर्गों की उपेक्षा या उनको उनके हाल पर छोड़ देने की विकृत मानसिकता एवं त्रासदी उभरी है। वृद्धों की उपेक्षा देशभर में देखने को मिल रही है, हाल के वर्षों में केरल के बाद पंजाब-हरियाणा में भी नजर आ रही है। वैसे तो यह हमारे नीति-नियंताओं की नाकामी का भी परिणाम है कि हम युवाओं को उनकी योग्यता-आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार देश में नहीं दे पाए। उन्हें न अपनी जन्मभूमि का सम्मोहन रोकता है और न ही यह फिक्र कि उनके जाने के बाद बुजुर्ग माता-पिता का क्या होगा? एकाकीपन का त्रास झेलते केरल के इन गांवों में बुजुर्गों के पास पैसा तो है मगर समाधान नहीं है। कुछ वृद्धों के पास तो धन का अभाव भी इस समस्या को विकराल रूप दे रहा है। राज्य में वृद्ध लोगों की संख्या बढ़ने के साथ ही बुजुर्गों के अधिकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं।

भारत में बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार, उपेक्षा एवं उदासीनता एक बढ़ती चिंता का विषय है, उनका एकाकीपन एवं अकेलापन उससे बड़ी समस्या है। केरल के वृद्ध-संकट को महसूस करते हुए वहां की सरकार ने वरिष्ठ नागरिक आयोग बनाया है, जो एक सूझबूझभरा कदम है। लेकिन यह वक्त बताएगा कि भ्रष्ट अफसरशाही व घुन लगी व्यवस्था में ये आयोग कितना कारगर होगा? लेकिन फिर भी जिस राज्य में हर पांचवें घर से एक व्यक्ति विदेश चला गया है, वहां ऐसा आयोग एक सीमा तक तो समस्या के समाधान की दिशा में रोशनी बनेगा। जरूरत है सरकारी अधिकारी संवेदनशीलता एवं इंसानियत से बुजुर्गों की समस्याओं का समाधान करने के लिये आगे आये। केरल की सामाजिक न्याय मंत्री आर. बिंदु के अनुसार आयोग समृद्ध और निम्न आय वाले दोनों ही परिवारों के वृद्ध व्यक्तियों के शोषण की समस्या का महत्वपूर्ण समाधान करेगा। जो वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, उनकी गरिमा, कल्याण और जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आवश्यक है। उम्र बढ़ने के साथ-साथ लोगों को अक्सर स्वास्थ्य में गिरावट, अकेलेपन और वित्तीय असुरक्षा जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। आवश्यक सहायता प्रदान करने से अधिक समावेशी और दयालु समाज बनाने में मदद मिलती है।

निस्संदेह, बुजुर्गों की आवश्यकताएं सीमित होती हैं। लेकिन उनका मनोबल बढ़ाने की जरूरत है। सबसे ज्यादा जरूरी उनकी स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं दूर करना है। बेहतर चिकित्सा सेवा व घर-घर उपचार की सहज उपलब्धता समस्या का समाधान दे सकती है। वैसे अकेले रह रहे बुजुर्गों को भी इस दिशा में पहल करनी होगी। सामाजिक सक्रियता एवं मनोबल इसमें सहायक बनेगा। नीति-नियंताओं को सोचना होगा कि अगले दशकों में देश युवा भारत से बुजुर्गों का भारत बनने वाला है। वर्ष 2050 तक भारत में साठ साल से अधिक उम्र के 34.7 करोड़ बुजुर्ग होंगे। क्या इस चुनौती से निपटने को हम तैयार हैं? क्या केरल की तरह अन्य राज्यों की सरकारें एवं केन्द्र सरकार लगातार बुजुर्गों से जुड़ी समस्याओं के लिये ठोस कदम उठायेगी? वसुधैव कुटुम्बकम् की बात करने वाला देश एवं उसकी नवपीढ़ी आज एक व्यक्ति, एक परिवार यानी एकल परिवार की तरफ बढ़ रहे हैं, वे अपने निकटतम परिजनों एवं माता-पिता को भी बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं, उनके साथ नहीं रह पा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी गतदिनों हाईकोर्ट के अनेक फैसलों को पलटते हुए सराहनीय पहल की है। जिनमें अब बुजुर्ग माता-पिता से प्रॉपर्टी अपने नाम कराने या फिर उनसे गिफ्ट हासिल करने के बाद उन्हें यूं ही छोड़ देने, वृद्धाश्रम के हवाले कर देने, उनके जीवनयापन में सहयोगी न बनने की बढ़ती सोच पर विराम लगेगा, क्योंकि यह आधुनिक समाज का एक विकृत चेहरा है।संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने वृद्धों के जीवन को नरक बनाया है। बच्चे अपने माता-पिता के साथ बिल्कुल नहीं रहना चाहते। ऐसे बच्चों के लिए सावधान होने का वक्त आ गया है, सुप्रीम कोर्ट ने इसको लेकर एक ऐतिहासिक फैसला में कहा है कि अगर बच्चे माता-पिता की देखभाल नहीं करते हैं, तो माता-पिता की ओर से बच्चों के नाम पर की गई संपत्ति की गिफ्ट डीड को रद्द किया जा सकता है।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सीपीपी अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी नई दिल्ली के संसद परिसर में प्रेरणा स्थल पर अंबेडकर जयंती के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

# कांग्रेस संक्रमण के दौर से गुजर रही

हरिशंकर व्यास

कांग्रेस बिना ठोस विचारों के है। संक्रमण के दौर से गुजर रही है। राहुल गांधी नए प्रयोग कर रहे हैं। कर्नाटक के दलित नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को अध्यक्ष बनाने और जाति गणना करा कर आरक्षण बढ़ाने का गुरुमंत्र मिलने के बाद से राहुल गांधी पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक के नए चैंपियन के तौर पर उभरे हैं। वे पिछले करीब दो साल से जाति गणना कराने और आरक्षण बढ़ाने की रट लगाए हुए हैं।

कांग्रेस के नेता दो दिन के अधिवेशन के लिए गुजरात में इकट्ठा हुए तो मंथन का एक बड़ा विषय यह था। लेकिन यह इकलौता मुद्दा नहीं है, जिस पर कांग्रेस संक्रमण के दौर में है या किसी वजह से संशय में है। अगड़ा बनाम पिछड़ा, दलित, आदिवासी का मुद्दा है तो नए बनाम पुराने का भी है और पूंजीवाद बनाम पूंजीपतियों के विरोध का भी है।

जहां तक नए और पुराने का मामला है तो करीब 20 साल के संघर्ष के बाद राहुल गांधी इस पहेली को सुलझाते लग रहे हैं। पार्टी के अंदर पुराने नेताओं का वर्चस्व अब लगभग खत्म हो गया है। एकाध राज्यों में जरूर पुराने क्षत्रप हैं, जो अपना खूंटा थामे हए हैं लेकिन उनका खूंटा उखड़ना भी वक्त की बात है। राहुल गांधी ने सबसे 2009 की सरकार बनने के समय इस संघर्ष को खत्म करने का बड़ा दांव चला था।

लेकिन उन्होंने जिन नए नेताओं पर दांव लगाया उनमें से ज्यादातर कांग्रेस पार्टी छोड़ कर भाजपा में चले गए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो कांग्रेस के अंदर नए और पुराने का विवाद काफी समय पहले सेटल हो गया होता। देर से ही सही लेकिन अब जाकर कांग्रेस की कमान पूरी तरह से राहुल के हाथ में आ गई है।

वे अपने हिसाब से नेताओं को केंद्रीय और प्रदेशों के संगठन में जगह दे रहे हैं। इस बार उनके चुने हुए नेता सहीं है या गलत, मजबूत हैं या कमजोर इसका पता बाद में चलेगा। समय बताएगा कि उनका चयन कितना सही है। उसके गुणदोष में गए बगैर कह सकते हैं कि कांग्रेस में नए और पुराने का विवाद काफी हद तक सुलझ गया है और अहमदाबाद अधिवेशन में यह साफ साफ दिखा।

अहमदाबाद के अधिवेशन में राहुल गांधी ने आरक्षण और पिछड़ा, दलित, आदिवासी राजनीति को कांग्रेस के केंद्रीय राजनीति के तौर पर स्थापित किया। उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में कहा कि कांग्रेस दलितों, सवर्णों और अल्पसंख्यकों की राजनीति करती रही और इस बीच पिछड़ों ने उसे छोड़ दिया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पिछड़ों का ध्यान नहीं रखा तो पिछड़ों ने भी उसे छोड़ दिया। अब कांग्रेस को पिछड़ी जातियों को साथ लेकर चलना है। राहुल गांधी ने कांग्रेस अधिवेशन में तीन प्रस्ताव मंजूर कराए। कांग्रेस ने एक प्रस्ताव में यह तय किया कि वह आरक्षण की सीमा को 50 फीसदी से बढ़ाएगी। आबादी के अनुपात में आरक्षण का प्रावधान किया जाएगा। कांग्रेस के दूसरे प्रस्ताव में कहा गया कि एससी और एसटी के वर्गीकरण को कांग्रेस मंजूर कराएगी और इन वर्गों में आबादी के अनुपात में आरक्षण बांटेंगी।तीसरा प्रस्ताव निजी विश्वविद्यालयों में आरक्षण की मंजूरी का है। कांग्रेस ने यह प्रस्ताव मंजूर किया तो कई लोग यह कहने वाले आ गए कि कांग्रेस सीधे निजी सेक्टर में आरक्षण क्यों नहीं मांग रही है, जो सिर्फ निजी विश्वविद्यालयों के दाखिले में आरक्षण की मांग कर रही है। आरक्षण को लेकर कांग्रेस के ये तीन प्रस्ताव उसे बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा की समाजवादी पार्टियों के समकक्ष खड़ा करती हैं।कांग्रेस की एक स्थायी दुविधा इस बात को लेकर रही है कि कारोबार, उद्यमी और पूंजीपति को लेकर क्या रुख रखा जाए। नेहरू की मिश्रित अर्थव्यवस्था से निकाल कर पीवी नरसिंह राव ने देश को उदार अर्थव्यवस्था के रास्ते पर डाला। इससे देश की आर्थिक तस्वीर पूरी तरह से बदली और भारत गरीबी के स्थायी दुष्चक्र से निकल कर वैश्विक व्यवस्था का हिस्सा बना।लेकिन कांग्रेस की दुविधा खत्म नहीं हुई। उसने उद्योग और कारोबार को बढ़ावा देकर अमीरी बढ़ाने, जीडीपी बढ़ाने और गरीबी मिटाने की बजाय अधिकार आधारित नीतियों पर ज्यादा ध्यान दिया। मनमोहन सिंह की 10 साल की सरकार ने आम लोगों को कई अधिकार दिए या अधिकार देने वाले कानून बनाए।




मेष राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति की सहायता से रुका हुआ कार्य संपन्न हो सकता है। आज मित्रों से मुलाकात के अवसर बनेंगे और विचारों का आदान-प्रदान भी रहेगा। जिससे कई समस्याओं का समाधान मिलने में भी आसानी होगी। आज परिवार में धार्मिक आयोजन हो सकता है।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप अपनी समझदारी और सूझबूझ द्वारा किसी समस्या का हल निकालने में सक्षम होंगे। आज पारिवारिक मामलों में व्यस्तता बनी रहेगी। आज किसी भी अनजान व्यक्ति पर अधिक विश्वास करने से आपको बचना चाहिए। छात्रों को आज लापरवाही करने से बचना चाहिए। अगर यात्रा कर रहे हैं, तो अपने सामान का उचित ध्यान रखें।

मिथुन राशि- आज आपका दिन लकी रहेगा 7 कुछ मामलों में मेहनत ज्यादा रहेगी और नतीजा कम लाभ वाला मिलेगा। ऑफिस में नया काम सामने आ सकता है, जिसे आप बहुत अच्छी तरह करने का प्रयास करेंगे। आज आपको धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। किसी खास मित्र से आज आपकी मुलाकात होगी, जिनसे मिलकर आप खुश होंगे। आर्किटेक्ट इन्जीनियर्स के लिए आज का सफलता दिलाने वाला है।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप बुद्धिमत्ता व होशियारी से सभी काम बेहतर तरीके से पूरा कर लेंगे। विद्यार्थी वर्ग व्यर्थ की बातों से ध्यान हटाकर अपने अध्ययन के प्रति सचेत रहें। आज कार्यक्षेत्र में परिस्थितियां अनुकूल बनी रहेंगी। लेकिन ध्यान रखिए, सफलता हासिल करने के लिए आज आपको बहुत मेहनत की जरूरत है। आज आपका रुका हुआ पैसा मिल सकता है।

सिंह राशि- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके घर में धार्मिक अनुष्ठान होने से घर में भक्ति भावना का माहौल बना रहेगा। पारिवारिक रिश्तों में हो रही गलतफहमियां आज दूर होंगी। स्किन प्रॉब्लम से परेशान लोग आज अच्छे डॉक्टर से सलाह लेंगे। मित्र के साथ किसी विदेश कीयात्रा का योग बन रहा है।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी 7 इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन रिलैक्स से भरा होगा। आप दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। अधिकारियों और सहकर्मियों से समय-समय पर मदद मिलेगी। आज आपके बिजनेस मे तरक्की होगी।

तुला राशि- आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। बिजनेस संबंधी योजना चल रही है, तो उस पर काम करने की कोशिश करें। आज आर्थिक रूप से दिन अच्छा है। अगर आपका सरकारी मामला रुका हुआ है तो आज उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे। आपको सफलता मिलने की पूरी उम्मीद है। आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन परिवार वालों को प्रसन्न करेगा। धार्मिक गतिविधियों मे आज आपका सुखद समय व्यतीत होगा। व्यवसाय संबंधी आपके प्रयास का उचित परिणाम हासिल होगा।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप अपनी योग्यता और कार्यकुशलता द्वारा उम्मीद से ज्यादा लाभ हासिल करने वाले हैं। आज कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों और सहयोगियों का भरपूर समर्पण रहेगा। आपकी एकाग्रता और उपस्थिति माहौल को अनुशासित रखेगी। आज घर के वातावरण को अनुशासित बनाकर रखने में आपका पूरा सहयोग रहेगा।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज घर और बिजनेस दोनों जगह सामंजस्य रखेंगे और निजी कामों के लिए भी समय निकालने में सफल होंगे। पारिवारिक रिश्ते में मजबूती आएगी। बुजुर्गों के आशीर्वाद और स्नेह से घर में सकारात्मक ऊर्जा रहेगी। आज का समय भरपूर मेहनत करने का है।

मकर राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार संग किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे, पारिवारिक सौहार्द बढ़ेगा। आज शांत मन से किसी काम को करेंगें तो जल्द ही पूरा हो जाएगा। छात्रों को किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम उनके पक्ष में आयेगा। पारिवारिक निर्णय लेने से पहले घर के बड़े बुजुर्ग की राय जरूर लें। बिजनेस स्टार्ट करने के लिए आज का दिन शुभ है जो आने वाले समय में अधिक फायदा कराएगा। माता-पिता का आशीर्वाद लेकर कार्य शुरू करें तो सफलता मिलेगी।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आज स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपनी ट्रेनिंग में पूरी मेहनत करेंगे। कोरियर का बिज़नेस कर रहे कारोबारियों को आज ज्यादा फायदा होगा।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा रहने वाला है। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं जो आपके लिए बढ़िया साबित होंगे। आज आपको किसी काम करने के लिये ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज माता-पिता के आशीर्वाद से किये गये कामों में आपको सफलता मिलेगी परिवार को जोड़कर चलने से आपकी भूमिका बड़ी हो जाएगी, परिवार में आपका सम्मान बढ़ेगा आपको गर्व होगा।

# स्टैंडअप कॉमेडी एक्ट को लेकर उठा तूफान

अजीत द्विवेदी

कुणाल कामरा के एक स्टैंडअप कॉमेडी एक्ट को लेकर जो तूफान उठा था अभी उसकी गर्द उड़ ही रही है। पहले सोचा था कि इसका गर्दो गुबार बैठ जाए तब इस पर लिखा जाए। परंतु निकट भविष्य में उसकी संभावना नहीं दिख रही है। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को खुश करने के लिए महाराष्ट्र पुलिस ने कमर कसी हुई है। उसने तय किया है कि हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट कुछ भी कहें कुणाल कामरा को एक बार तो गिरफ्तार करना है ही और मजा चखाना ही है। तभी एक के बाद एक नए मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं और नए समन जारी हो रहे हैं।उन जगहों पर पुलिस दबिश दे रही है, जहां कामरा 10 साल से नहीं रहते हैं। पुलिस का जोर कामरा पर नहीं चला तो उन तमाम दर्शकों को नोटिस भेज कर बुलाया गया, जो उनके शो में मौजूद थे। इसके बाद से यह मजाक चल रहा है कि दर्शकों के बाद उन लोगों की बारी है, जिन्होंने यूट्यूब पर कामरा के इस वीडियो को देखा है।

समूचा विवाद इस बात का है कि कुणाल कामरा ने एकनाथ शिंदे को 'गद्दार' कहा। हालांकि उन्होंने शिंदे का नाम नहीं लिया है लेकिन 'ठाणे की रिक्शा', 'चेहरे पे दाढ़ी', 'आंख पे चश्मा', 'गुवाहाटी में छिपना' आदि से पर्याप्त इशारा है कि वे किसकी बात कर रहे हैं। यह एक तथ्य है कि शिंदे ने शिव सेना तोड़ी, अपनी अलग पार्टी बनाई, जिसे बाद में चुनाव आयोग ने असली शिव सेना कहा। वे दशकों तक जिस पार्टी और परिवार के प्रति निष्ठावान बने रहे उससे अलग हुए। कह सकते हैं कि विचारधारा का मतभेद था। इसके बावजूद ऐसे कदमों को राजनीति में दलबदल करना, नेता की पीठ में छुरा भोंकना, धोखा देना, गद्दारी करना आदि ही कहा जाता है। उद्धव ठाकरे की पार्टी के अलावा दूसरी पार्टियों के नेताओं ने भी शिंदे के बारे में ऐसी बातें कही हुई हैं। लेकिन शिंदे समर्थक उनसे नाराज नहीं हुए। उनकी नाराजगी भड़की है कुणाल कामरा पर। कामरा पर नाराजगी क्या इस वजह से भड़की है कि वे कोई नेता नहीं हैं, उनके पास कोई पार्टी नहीं है या कोई सुरक्षा कवच नहीं है या कोई और कारण है?

बहरहाल, कुणाल कामरा के स्टैंडअप एक्ट में वह बात सबसे गंभीर या अहम नहीं है, जिस पर सबसे ज्यादा विवाद है यानी शिंदे का मामला सबसे गंभीर नहीं है। उन्होंने 45 मिनट के अपने प्रोग्राम में कई दूसरे गंभीर विषय उठाए हैं और उन पर तीखा व्यंग्य किया है। उन्होंने भारतीय समाज की हिप्पोक्रेसी, देश के उद्योगपतियों के लालच, करोड़पतियों के दिखावे और धन के अश्लील प्रदर्शन पर गहरा व्यंग्य किया है।

परंतु किसी ने उस पर ध्यान नहीं दिया। ऐसा लग रहा है कि अपने कॉमिक एक्ट से कामरा ने जो गंभीर सवाल उठाए उनको दबाने या छिपाने के लिए एकनाथ शिंदे के मुद्दे पर फोकस बनवा दिया गया हो। कामरा के एक्ट को लेकर जो प्रहसन चल रहा है उसको देख कर अजय देवगन की 'सिंघम' फिल्म का एक दृश्य याद आता है, जिसमें हीरो ने विलेन को 'मामूली गुंडा' कहा। विलेन ने इस पर भड़कते हुए कहा, 'मामूली किसको बोला'? सोचें, उसे गुंडा कहे जाने से तकलीफ नहीं थी, मामूली कहे जाने से थी। वही हाल कामरा की कॉमेडी की है। मामूली बातों पर भावनाएं आहत हुई हैं और गंभीर बातों पर चुप्पी है या उसका मौन स्वीकार है।कामरा ने देश के सबसे अमीर कारोबारी मुकेश अंबानी के बेटे की शादी में धन के अश्लील प्रदर्शन का मुद्दा उठाया। मुख्यधारा के किसी आदमी की इस पर बोलने की हिम्मत नहीं हो रही थी। लेकिन कामरा ने यह कहते हुए सवाल उठाया कि 'अंबानी सटल (Subtle) है ही नहीं'। उन्होंने एक रूपक के जरिए अपनी बात समझाई कि अंबानी ने दुनिया भर के गायकों, नर्तकों, अभिनेताओं को बुला लिया और सबको सामने बैठा कर कहा कि 'तुम बैठो हम नाचेंगे'।

रिलायंस समूह यही तो कारोबार में भी कर रहा है। उसकी किसी काम में विशेषज्ञता नहीं है लेकिन उसे सारे काम करने हैं। हर चीज खरीदनी है और हर चीज बेचनी है। कामरा ने बहुत बारीक तरीके अंबानी के निजी चिड़ियाघर का भी मजाक उड़ाया। लेकिन इस पर कोई चर्चा नहीं हुआ।

कामरा के उस एक्ट की सबसे खास बात यह थी कि उन्होंने देश के तमाम उद्योगपतियों और कारोबारियों की पोल खोल दी। उन्होंने कहा कि इस देश के किसी उद्योगपति ने कोई इनोवेशन नहीं किया है। एक चीज नहीं बनाई है। यह कितनी बड़ी सचाई है कि भारत में जिसके पास 12 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति है वह भी सौ, दो सौ करोड़ रुपए रिसर्च पर या इनोवेशन पर खर्च नहीं करता है। वह इस इंतजार में रहता है कि दुनिया के दूसरे देशों के उद्यमी रिसर्च करें, इनोवेशन करें, नई चीजें बनाएं और बेचने के लिए उसको दे दें। अभी हाल ही में अंबानी और मित्तल दोनों इलॉन मस्क के वेंडर बने हैं। मस्क ने अपने साहस, रिसर्च, इनोवेशन से धरती की कक्षा में सात हजार सेटेलाइट भेजे और उनसे इंटरनेट की सेवा शुरू की। भारत में अंबानी और मित्तल यह सेवा बचेंगें। इस कमाई का पैसा मस्क के पास अमेरिका जाएगा और अंबानी व मित्तल को कमीशन मिलेगा। सोचें, 12 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति वाला भी अमेरिका के एक कारोबारी का कमीशन एजेंट है। कामरा ने इस हकीकत को अपने एक्ट से जाहिर किया।

कुणाल कामरा ने संत जैसे आचरण करने वाले आनंद महिंद्रा और सुधा मूर्ति पर भी तंज किया। उन्होंने कहा कि आनंद महिंदा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से लेकर हर चीज पर सोशल मीडिया पोस्ट लिखते हैं लेकिन अपनी गाड़ी की क्वालिटी ठीक नहीं करते हैं। वे उन तमाम बातों में घुसे रहते हैं, जिनसे उनका कोई मतलब नहीं है। ऐसे ही सुधा मूर्ति के 'मैं सिंपल हूं' के प्रचार पर भी उन्होंने गहरा तंज किया। उन्होंने कहा कि खुद को सिंपल बताते बताते वे राज्यसभा चली गईं। असल में उनका सिंपल होने का प्रचार एक ब्रांडिंग कैम्पेन से ज्यादा कुछ नहीं है।ओला स्कूटर वाले के साथ उनका पहले से पंगा चल रहा है लेकिन अपने इस एक्ट में उन्होंने ओला स्कूटर की गुणवत्ता और ग्राहकों के साथ उसके व्यवहार को लेकर सवाल उठाया और साथ ही ग्राहकों की हितों की रक्षा करने या उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए बनी एजेंसियों के निकम्मेपन या कमजोरी पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जिन एजेंसियों को ग्राहकों के हितों की रक्षा करनी है वे ओला वाले के यहां जाते हैं तो वह मोदीजी के साथ अपनी तस्वीर उनको दिखा देता है और वे लौट आते हैं। यह देश की मौजूदा क्रोनी कैपिटलिज्म की व्यवस्था बड़ा प्रहार है।कामरा के समूचे एक्ट में सबसे गहरा व्यंग्य भारत में महिलाओं की स्थिति पर है।





# कांग्रेस शासित कर्नाटक-हिमाचल में लोग ठगा हुआ महसूस कर रहे : पीएम मोदी

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि 2014 से पहले जब कांग्रेस सत्ता में थी तो ब्लैकआउट होते थे, लेकिन पिछले दशक में भारत का उत्पादन दोगुना हो गया है और वह बिजली का निर्यात कर रहा है। यमुनानगर के कैल गांव में दीनबंधु छोटू राम थर्मल पावर प्लांट में 800 मेगावाट की अल्ट्रा-क्रिटिकल आधुनिक इकाई की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की डबल इंजन सरकार की डबल स्पीड देखी जा रही है। इस परियोजना का निर्माण भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL) द्वारा 7272.06 करोड़ की लागत से किया जाएगा। हरियाणा पावर जनरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (HPGCL) ने कहा कि कुल परियोजना लागत 8469.12 करोड़ है। मोदी ने कहा, कांग्रेस मॉडल पूरी तरह झूठ साबित हुआ है क्योंकि यह केवल सत्ता (जीतने) पर केंद्रित है। भाजपा मॉडल सत्य पर आधारित है। उन्होंने कहा, कांग्रेस शासित राज्यों में लोगों को धोखा दिया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश में लोग परेशान हैं क्योंकि सभी विकास कार्य ठप हैं, जबकि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के तहत बिजली से लेकर दूध तक सब कुछ महंगा हो रहा है। 233 एकड़ में फैली और लगभग 8,470 करोड़ रुपये की लागत वाली थर्मल पावर यूनिट के मार्च 2029 तक



चालू होने की उम्मीद है। इससे हरियाणा की ऊर्जा आत्मनिर्भरता को काफी बढ़ावा मिलेगा और पूरे राज्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति होगी। गोबरधन (गैल्वनाइजिंग ऑर्गेनिक बायो-एग्रो रिसोर्सेज धन) के विजन को आगे बढ़ाते हुए, मोदी ने मुकरबपुर में एक संपीड़ित बायोगैस संयंत्र की आधारशिला रखी। 2027 तक पूरा होने वाले इस संयंत्र की वार्षिक उत्पादन क्षमता 2,600 मीट्रिक टन होगी और यह जैविक अपशिष्ट प्रबंधन में मदद करेगा, साथ ही स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देगा। हैदराबाद के केंद्रीय विश्वविद्यालय के पास कई एकड़ में पेड़ों को गिराने के लिए तेलंगाना सरकार को देशव्यापी आलोचना का सामना करने के कुछ दिनों बाद, मोदी ने कहा वे (कांग्रेस सरकार) जंगलों को साफ करने में व्यस्त हैं, जबकि भाजपा सरकार अक्षय ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए बायोगैस संयंत्र बना रही है। मोदी ने भारतमाला परियोजना के तहत करीब 1,070 करोड़ रुपये की लागत से 14.4 किलोमीटर लंबे रेवाड़ी बाईपास प्रोजेक्ट का डिजिटल उद्घाटन किया। इस बाईपास से रेवाड़ी शहर में भीड़भाड़ कम होगी, दिल्ली-नारनौल की यात्रा का समय एक घंटे कम होगा और क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। अपने 25 मिनट के भाषण के दौरान पीएम ने केंद्र और राज्य में बीजेपी सरकारों की उपलब्धियां गिनाईं और कांग्रेस पार्टी को भी घेरा। मोदी ने कहा कि उनके लिए राजनीति सेवा का मार्ग है, इसलिए बीजेपी जो कहती है, वो करती है, जबकि दूसरी तरफ कांग्रेस और उसके शासित राज्यों ने जनता के साथ विश्वासघात किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, राव इंद्रजीत सिंह और कृष्ण पाल गुर्जर, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज, कृष्ण लाल पंवार और श्याम सिंह राणा, सांसद नवीन जिंदल, रेखा शर्मा और राम चंदर जांगड़ा शामिल थे।

## मुझे "गद्दार" बताने वाले पोस्टर के पीछे नाथूराम गोडसे के समर्थकों का हाथ : दिग्विजय सिंह

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने सोमवार को दावा किया कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम के मुद्दे को लेकर मध्यप्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर विवादास्पद पोस्टर लगाने के पीछे महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे के ''समर्थकों'' का हाथ है। इन पोस्टर में सिंह को ''गद्दार'' बताया गया था। मध्यप्रदेश, सिंह का गृहराज्य है जहां वह 1993 से 2003 तक 10 साल तक मुख्यमंत्री रहे थे। इंदौर और राज्य के अन्य शहरों में हाल में लगाए गए विवादास्पद पोस्टर पर छपा था-''वक्फ बिल का विरोध करने वाले दिग्विजय सिंह। पोस्टर में दिग्विजय सिंह (78) की तस्वीर पर एक सील के ठप्पे का निशान भी बनाया गया था जिस पर छपा था-''वतन के, धर्म के, पूर्वजों के गद्दार।'' यहां महू नाका चौराहा पर लगाए गए ऐसे पोस्टर के नीचे ''भारतीय जनता युवा मोर्चा, इंदौर महानगर'' छपा था। इसके खिलाफ कांग्रेस शहर के छत्रीपुरा थाने में शिकायत कर चुकी है। विवादास्पद पोस्टर को लेकर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर सिंह ने महू में ''पीटीआई-भाषा'' से कहा,''जो लोग गोडसे का समर्थन कर रहे हैं, वे मुझे गद्दार कहते हैं। असल में ये लोग गद्दार हैं।



पटना में एक आराघर के गोदाम में लगी आग को बुझाने का प्रयास करते अग्निशमन कर्मी, आगे की क्षति को रोकने के साथ ही सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास करते हुए.

## बंगाल में अगले साल होने वाला विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन में कराया जाना चाहिये : शुभेंदु अधिकारी

कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुयी हालिया हिंसा के बाद राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति के पूरी तरह खराब होने का आरोप लगाते हुये भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को मांग की कि प्रदेश में 2026 में होने वाला विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन के तहत करवाया जाना चाहिये। अधिकारी ने कहा कि सुती, धुलियान, जंगीपुर और शमशेरगंज सहित मुर्शिदाबाद के कुछ हिस्सों में जारी अशांति ने नागरिकों की सुरक्षा और शांति बनाए रखने में राज्य सरकार की अक्षमता को उजागर किया है। उन्होंने दावा किया कि जब भीड़ उत्पात मचा रही थी, तब सरकार मूकदर्शक बनी रही। विधानसभा में विपक्ष के नेता अधिकारी ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''जहां भी हिंदू अल्पसंख्यक हैं, उन्हें मतदान करने से रोका जाता है। पुलिस सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यकर्ताओं की



तरह काम करती है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन के तहत होने चाहिए। हाल ही में हुई हिंसा के पीछे 'जिहादी तत्वों' का हाथ होने का आरोप लगाते हुए अधिकारी ने कहा, ''इन समूहों को बेलगाम होने की अनुमति दी गई है। हम उनसे निपटने के लिए तैयार हैं, लेकिन सभी को समान अवसर मिलना चाहिए। निर्वाचन आयोग को चुनाव से पहले राज्य में राष्ट्रपति शासन की सिफारिश करने पर विचार करना चाहिए।''

अधिकारियों ने बताया कि हिंसा से प्रभावित सैकड़ों लोगों ने कथित तौर पर भागीरथी नदी पार कर पड़ोसी मालदा जिले में शरण ली है। स्थानीय प्रशासन ने विस्थापित परिवारों को आश्रय और भोजन उपलब्ध कराया है, उन्हें स्कूलों में ठहराया है और नावों से आने वालों की सहायता के लिए स्वयंसेवी दल गठित किए हैं।

## मुर्शिदाबाद हिंसा पर बोले गिरिराज सिंह, वक्फ को लेकर ममता बनर्जी फैला रहीं भ्रम



बेगूसराय (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता गिरिराज सिंह ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। आईएएनएस से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह हिंसा सरकार की नाकामी का सबूत है और ममता बनर्जी हिंदुओं को पलायन के लिए मजबूर कर रही हैं। साथ ही, उन्होंने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप विपक्षी नेताओं पर लगाया। गिरिराज सिंह ने मुर्शिदाबाद की हिंसा को दुखद बताते हुए कहा कि यह घटना जम्मू-कश्मीर के 1990 के दशक की याद दिलाती है। उन्होंने कहा कि लोगों की दुकानें लूटी गईं, घर जलाए गए। पुलिस मूकदर्शक बनी रही। इतनी बड़ी घटना बिना सरकार की शह के नहीं हो सकती। ममता बनर्जी रक्षक थीं, लेकिन अब भक्षक बन गई हैं। क्या बंगाल कश्मीर या बांग्लादेश बन जाएगा? उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि लोकतंत्र में लोगों को अपनी बात रखने का हक है, लेकिन संपत्ति और जान-माल की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है, जिसमें ममता सरकार पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने आगे कहा कि इस हिंसा ने बंगाल को बांग्लादेश से भी आगे पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि जब माझी ही नाव डुबोए, तो क्या किया जाए? ममता बनर्जी की नीतियां हिंदुओं को बंगाल छोड़ने पर मजबूर कर रही हैं। यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। वक्फ कानून को लेकर हो रहे विरोध पर गिरिराज सिंह ने विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ मौलानाओं और विपक्षी नेताओं, खासकर राहुल गांधी और असदुद्दीन ओवैसी, द्वारा लोगों में भ्रम फैलाया जा रहा है। वक्फ कानून में सुधार किया गया है।

## राजस्थान सरकार समाज के सभी वर्गों के सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध : भजनलाल शर्मा

जयपुर (ए.)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को कहा कि बाबासाहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश ही नहीं, पूरी दुनिया को राह दिखाई है। शर्मा ने कहा कि बाबासाहब ने अन्तिम छोर पर बैठे व्यक्ति के उत्थान का जो सपना देखा था, उसे पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ जुटी हुई है। उन्होंने कहा , ''हमारी सरकार ने चार जातियों-- युवा, महिला, किसान और मजदूर के सशक्तीकरण के लिए दूरगामी कदम उठाए हैं और प्रदेश के हर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा रहा है।'' शर्मा सोमवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा



कि डॉ. भीमराव आंबेडकर का संविधान निर्माण में अतुलनीय योगदान रहा है तथा उन्होंने सबसे बड़ा संविधान देकर भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश बनाया। मुख्यमंत्री ने कहा भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. आम्बेडकर ने पीड़ित, शोषित, वंचित और उपेक्षित लोगों के लिए भेदभाव रहित समाज का मार्ग दिखाया है। शर्मा ने कहा कि बाबासाहब ने सभी वर्गों में शिक्षा पर जोर दिया और महिला सशक्तीकरण तथा श्रम सुधार के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका कहना था कि दुनिया उनके सामाजिक दर्शन और कानूनी ज्ञान का लोहा मानती है और उन्हें 'सिंबल ऑफ नॉलेज' भी कहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन गांवों में 50 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति की आबादी है, वहां बाबासाहब आम्बेडकर संबल योजना शुरू की जा रही है जिसके माध्यम से इन गांवों में आधारभूत संरचना एवं विकास के कार्य सुनिश्चित हो सकेंगे। उनके मुताबिक इसके लिए 250 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नयी पीढ़ी को आंबेडकर के योगदान से परिचित कराने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं।

## मम्मी-पापा माफ करना'एफबी पर लाइव आकर 19 वर्षीय युवक ने जहर खाकर की खुदकुशी

गोरखपुर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले से एक बेहद दुखद और झकझोर देने वाली खबर सामने आई है। यहां कैंपियरगंज इलाके में शनिवार को एक 19 वर्षीय लड़के ने फेसबुक पर लाइव होकर जहर खाकर आत्महत्या कर ली। इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान अंकुर द्विवेदी के रूप में हुई है।घटना शनिवार दोपहर की है। ग्रामीणों के अनुसार, कैंपियरगंज क्षेत्र के खजुरगांवा निवासी रमेश द्विवेदी का बेटा अंकुर घर के पास स्थित अलेनाबाद बाग में बैठा था। दोपहर करीब तीन बजे वह फेसबुक पर लाइव हुआ। लाइव के दौरान उसने अपने हाथ में तीन पेज का एक सुसाइड नोट पकड़ रखा था, जिसे उसने पढ़कर सुनाया। लाइव वीडियो में अंकुर ने कहा, मम्मी-पापा मुझे माफ कर देना। मैं अब आगे और नहीं चल पाऊंगा। मेरी जिंदगी बस यहीं तक थी। उसने अपने सभी रिश्तेदारों और जानने वालों का नाम लेकर भी माफी मांगी। इसके बाद उसने कथित तौर पर अपनी जेब से जहर की डिब्बी निकाली और उसमें से एक के बाद एक पांच गोलियां खा लीं। जहर खाने के बाद अंकुर ने कहा कि वह यह कदम अपनी मर्जी से उठा रहा है और इसमें उसके परिवार का कोई दोष नहीं है। उसने लोगों से अपील की कि उसके जाने के बाद परिवार वालों को परेशान न किया जाए। बताया जा रहा है कि लाइव के दौरान कुछ लोगों ने उसे फोन करके रोकने की कोशिश भी की थी।

# हज को लेकर सऊदी ने बदले नियम, इन लोगों पर लगाई रोक, जरा सी भी चूक हुई तो बॉर्डर से ही...

नई दिल्ली (आरएनएस)। सऊदी अरब सरकार ने इस साल की हज यात्रा के लिए कई नए नियम जारी किए हैं, जिनका असर भारत समेत दुनिया भर के हज यात्रियों पर पड़ेगा। सऊदी गृह मंत्रालय द्वारा जारी इन नियमों में सबसे महत्वपूर्ण बदलाव बच्चों की हज यात्रा को लेकर है।

12 साल से कम उम्र के बच्चों को हज वीजा नहीं

नए नियमों के तहत, अब 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को हज यात्रा के लिए वीजा जारी नहीं किया जाएगा। इस फैसले के कारण भारत में हज कमेटी को भेजे गए 291 बच्चों के आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। प्रभावित बच्चों में उत्तर प्रदेश के 18 बच्चे भी शामिल हैं।

उमराह और मक्का प्रवेश के लिए भी नए दिशा-निर्देश

जो लोग हज यात्रा से पहले उमराह करना चाहते थे, उनके लिए सऊदी अरब में प्रवेश की अंतिम तिथि 13 अप्रैल निर्धारित की गई थी (जो अब बीत चुकी है)। ऐसे सभी यात्रियों को 29 अप्रैल 2025 तक सऊदी अरब छोड़ना अनिवार्य होगा। 23 अप्रैल से मक्का शहर में प्रवेश के लिए नियमों



को सख्त किया जा रहा है। शहर में दाखिल होने के लिए व्यक्ति के पास वैध वर्क परमिट, मक्का का पहचान पत्र (इकामा) या हज यात्रा का परमिट होना अनिवार्य होगा। बिना इनमें से किसी वैध दस्तावेज के पाए जाने पर व्यक्ति को मक्का में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा और उसे वापस भेज दिया जाएगा।

**प्रभावित परिवारों के लिए कैंसलेशन का विकल्प**

जिन परिवारों के बच्चों का आवेदन 12 साल से कम उम्र के नियम के कारण निरस्त हुआ है, वे चाहें तो बच्चे को छोड़कर परिवार के अन्य सदस्य हज यात्रा पर जा सकते हैं। यदि कोई परिवार इस वजह से अपनी पूरी यात्रा रद्द करना चाहता है, तो वे आज, यानी 14 अप्रैल 2025 तक, बिना किसी निरस्तीकरण शुल्क (कैंसलेशन चार्ज) के अपनी बुकिंग ऑनलाइन या 'हज सुविधा ऐप' के माध्यम से रद्द कर सकते हैं।

**भारत में हज यात्रा की तैयारियां**

भारत से हज यात्रियों के लिए उड़ानें 29 अप्रैल से शुरू होने की संभावना है। इससे पहले, स्वास्थ्य दिशानिर्देशों के तहत, 15 अप्रैल से हज यात्रियों को दिमागी बुखार (मेनिनजाइटिस) के टीके लगाए जाने की तैयारी है, जैसा कि उत्तर प्रदेश राज्य हज कमेटी द्वारा सूचित किया गया है। लखनऊ से जाने वाले यात्रियों के लिए मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस में ठहरने की व्यवस्था की गई है।

# संक्षिप्त समाचार

## राजस्थान में अदालतों का समय बदला : अब सुबह 8 बजे से दोपहर तक होगी सुनवाई

जयपुर (आरएनएस)। राजस्थान में गर्मियों के मौसम को देखते हुए अदालतों का समय बदल दिया गया है। 15 अप्रैल से प्रदेश की सभी अदालतें मॉर्निंग शिफ्ट में काम करेंगी। यह नई व्यवस्था राजस्थान हाईकोर्ट से लेकर सभी अधीनस्थ अदालतों में लागू होगी।नए शेड्यूल के अनुसार, हाईकोर्ट में सुनवाई का समय अब सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा, जबकि अधीनस्थ अदालतों में यह समय सुबह 8 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। अदालतें 27 जून तक इसी शेड्यूल पर काम करेंगी। इसके बाद 1 जुलाई से फिर पुराने समयानुसार कार्यवाही शुरू होगी।कोर्ट से जुड़े रजिस्ट्री और अन्य कार्यालयों का समय भी बदल गया है। अब ये दफ्तर सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक खुलेंगे। वहीं, अधीनस्थ अदालतों के न्यायाधीश सुबह 7:30 से 8 बजे तक और दोपहर 12:30 से 1 बजे तक अपने चैम्बर में कार्य करेंगे। गौरतलब है कि राजस्थान में यह परंपरा लंबे समय से चली आ रही है, जब गर्मी के मौसम में अदालतें सुबह के समय संचालित की जाती हैं

## ग्रेटर नोएडा : दिन निकलते ही गोलियों से गूंजा सूरजपुर थाना, मुठभेड़ में दो शातिर अपराधी घायल, एक फरार

ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)। ग्रेटर नोएडा के थाना सूरजपुर पुलिस ने रविवार को 130 मीटर रोड पर चेकिंग के दौरान एक बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने आर्म्स एक्ट, चोरी व लूट, हत्या के प्रयास, संगठित अपराध से संबंधित मामले में शामिल दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि इनका एक साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा की जा रही नियमित जांच के दौरान तिलपता गोलचक्कर की ओर से आ रही एक बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर बाइक पर सवार तीन संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया गया। लेकिन उक्त बाइक सवार पुलिस का इशारा नजरअंदाज करते हुए तेजी से मुड़कर भागने लगे और इस दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए।घायलों की पहचान अरमान उर्फ गब्बर, निवासी ईदगाह के पास, लोहिया नगर, जिला मेरठ और विशाल, निवासी ग्राम रसूलपुर, जनपद संभल के रूप में हुई है। दोनों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। बदमाशों का तीसरा साथी विपिन, निवासी ग्राम रसूलपुर रिठौरी, थाना चोला, जिला बुलंदशहर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश के लिए पुलिस द्वारा कांबिंग की जा रही है। घायल बदमाशों के कब्जे से दो अवैध तमंचे (315 बोर), दो खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस, एक बिना नंबर प्लेट की बाइक, और चोरी व लूट की घटनाओं से संबंधित छह मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। प्राथमिक जांच में पता चला है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना सूरजपुर के दो संगीन मामलों में वांछित चल रहे थे। डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने मुठभेड़ में शामिल बहादुर पुलिस टीम को 20,000 रुपये नकद इनाम देने की घोषणा की है, जिससे पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ेगा। अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी बेहद गंभीर है, जिनमें कई धाराओं में केस दर्ज हैं। जिनमें आर्म्स एक्ट, चोरी व लूट, हत्या के प्रयास, संगठित अपराध से संबंधित मामले शामिल हैं। पुलिस अन्य आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है तथा फरार बदमाश की गिरफ्तारी के लिए अभियान जारी है।

## भगोड़ा हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार, भारत प्रत्यर्पण की कोशिशें तेज

नई दिल्ली (आरएनएस)। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से जुड़े 13,850 करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी मामले में वांछित भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया है। सीबीआई सूत्रों ने बताया कि यह गिरफ्तारी भारतीय एजेंसियों द्वारा किए गए अनुरोध के आधार पर की गई है। सूत्रों के अनुसार, 65 वर्षीय चोकसी को शनिवार, 12 अप्रैल को एंटवर्प शहर में पकड़ा गया। वह अपनी पत्नी प्रीति चोकसी के साथ वहां रह रहा था और निवास कार्ड भी प्राप्त कर चुका था। चोकसी अब बेल्जियम की अदालत में खराब स्वास्थ्य और अन्य कारणों का हवाला देकर जमानत की मांग कर सकता है।चोकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी पर आरोप है कि उन्होंने मुंबई स्थित पीएनबी की ब्रैडी हाउस शाखा के अधिकारियों से मिलीभगत कर लेटर ऑफ अंडरटेकिंग (एलओयू) और विदेशी क्रेडिट लेटर (एफएलसी) के जरिए भारी राशि की धोखाधड़ी की थी। मामले में सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दोनों ने जांच की है। पीएनबी घोटाले के खुलासे से कुछ सप्ताह पहले, जनवरी 2018 में चोकसी और नीरव मोदी देश छोड़कर फरार हो गए थे। चोकसी की पत्नी बेल्जियम की नागरिक हैं, और वह पिछले कुछ वर्षों से एंटवर्प में रह रहा था। चोकसी, गीतांजलि जेम्स का संस्थापक है। जबकि नीरव मोदी फिलहाल ब्रिटेन की जेल में बंद है और भारत प्रत्यर्पण का विरोध कर रहा है। नीरव को 2019 में भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया जा चुका है, जबकि चोकसी के खिलाफ ईडी की याचिका 2018 से लंबित है। सूत्रों ने यह भी बताया कि इंटरपोल द्वारा चोकसी के खिलाफ रेड नोटिस हटाए जाने के बावजूद भारतीय एजेंसियों ने दोबारा प्रत्यर्पण का अनुरोध किया था, जिसके परिणामस्वरूप बेल्जियम पुलिस ने कार्रवाई की।अब भारतीय एजेंसियां चोकसी को भारत लाने की प्रक्रिया में जुट गई हैं, हालांकि कानूनी अड़चनों के कारण इसमें कुछ समय लग सकता है। चोकसी की गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि और अन्य विवरणों का इंतजार है।

## सरकार का बड़ा फैसला, 55 लाख गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन किए गए रद्द

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली सरकार ने बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए पुरानी गाड़ियों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। सरकार ने 15 साल से पुरानी गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया है। दिल्ली में 15 साल से पुराने वाहन करीब 55 लाख से ज्यादा है। परिवहन विभाग द्वारा जारी सूचना के मुताबिक 2024 से दिल्ली में 10 साल से पुरानी डीजल और 15 साल से पुरानी पेट्रोल/सीएनजी गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया है। इन वाहनों में ट्रक, कैब, कार, मोटरसाइकिल और ऑटो रिक्शा भी शामिल है। सार्वजनिक जगहों पर इन गाड़ियों को पार्क करने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसमें घर के बाहर की जगह भी शामिल है। वहीं, इन पुराने वाहनों को फ्यूल स्टेशन पर पेट्रोल और डीजल भी नहीं मिलेगा इस नई नीति को लागू करने के लिए दिल्ली के 477 फ्यूल स्टेशनों पर ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरे लगाए जा चुके हैं। अगर ये पुराने वाहन दिल्ली के सार्वजनिक स्थानों में चलती या पार्क होती दिखाई दीं तो इन्हें जब्त किया जा सकता है।

## रोहित का लगातार रन नहीं बना पाना चिन्ताजनक : मांजरेकर




अहमदाबाद (ए)। पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने कहा है कि आगामी भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा लगातार रन नहीं बना पाना चिन्ताजनक हैं। भारतीय टीम आईपीएल के बाद इंग्लैंड दौरे पर भी जाना है उसको देखते हुए रोहित का फार्म हासिल करना जरुरी है। मांजरेकर ने कहा कि टेस्ट ओर टी20 प्रारुप अलग होता है पर इसके बाद भी रन बनने से खिलाड़ी की लय बनी रहती है और उसका मनोबला बढ़ा हुआ रहता है।

मांजरकेर ने कहा कि रोहित आईपीएल में भी अब तक रन नहीं बना पाये हैं। इससे साफ है कि अब हालात उनके नियंत्रण से बाहर होते जा रहे हैं। ऐसे में अब उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरी ताकत लगाकर प्रयास करना होगा। हर सुबह अपना सब कुछ लगाना होगा तभी वह लय हासिल कर सकते हैं। वह आईपीएल के मैचों में सहज नहीं दिखे। मांजरेकर ने कहा, 'रोहित शर्मा एक ऐसे दौर से गुजर रहे हैं जिससे साफ है कि वह पहले वाले रोहित नहीं रहे। अब वह अपने करियर के उस जगह पर हैं जहां उन्हें हर सुबह अपना सब कुछ लगाना होगा। कड़ी ट्रेनिंग करनी होगी और फिटनेस के सर्वश्रेष्ठ स्तर पर पहुंचना होगा तभी वह कुछ कर पायें। वह अब भी अपनी नैसर्गिक प्रतिभा पर भरोसा कर रहे हैं जबकि अब वह नहीं रही।

वहीं पिछले दो मैच में रोहित की टीम मुम्बई के प्रदर्शन का आंकलन करते हुए मांजरेकर ने कहा, ' इस टीम से खेल रहे दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी रेयान रिकेल्टन को भारतीय पिचों पर ढलने में समय लगेगा। साथ ही कहा कि एबी डिविलियर्स और हेनरिक क्लासेन को छोड़कर बहुत कम दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने भारतीय पिचों पर सफलता हासिल की है इसलिए हमें उन्हें समय देना होगा। उन्होंने कहा, 'इसके अलावा तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव, रोबिन मिंज और कुछ अन्य खिलाड़ियों के साथ मिलकर बल्लेबाजी क्रम बनाते हैं।

## पंजाब किंग्स का मुकाबला आज केकेआर से होगा




मुल्लांपुर (ए)। पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच में जीत के इरादे से उतरेगी। पंजाब किंग्स का प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है और वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। उसे इस मैच में अपने घरेलू मैदान का भी लाभ मिलेगा। पिछले मैच में टीम ने कप्तान श्रेयस अय्यर के 82 रनों की सहायता से 245 रन बनाये थे। इसके बाद भी टीम अपने इस स्कोर का बचाव नहीं कर पायी थी। ऐसे में साफ है कि उसके गेंदबाजों को अब बेहतर प्रदर्शन करना होगा। मोहली के इस मैदान को बल्लेबाजी विकेट माना जाता है। यहां अधिकतर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 200 से अधिक रन बनाने में सफल रही है। ऐसे में पंजाब के टीम को यहां बेहतर रणनीति से उतरना होगा।पंजाब किंग्स के गेंदबाजों का मनोबल भी पिछले मैच के बाद कमजोर हुआ है। उसके दो स्पिनरों युजवेंद्र चहल और ग्लेन मैक्सवेल की गेंदों पर पिछले मैच में जमकर रन बने थे। ऐसे में इन्हें बेहतर गेंदबाजी करनी होगी। इन दोनों ने पिछले मैच में सात ओवर में ही 96 रन दिये थे। इसे देखते हुए पंजाब की टीम पिच को लेकर संशय में होगी।पंजाब अगर इस मैच के लिए सपाट विकेट तैयार कराती है तो भी पक्का नहीं है कि उसके गेंदबाज 220 रन तक के स्कोर का बचाव कर लेंगे क्योंकि कोलकाता की टीम में सुनील नरेन, रिंकू सिंह और वेंकटेश अय्यर जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। पंजाब की गेंदबाजी इकाई का इकॉनमी रेट भी अब तक अच्छा नहीं रहा है। उसके स्पिनर यजुवेन्द्र चहल ने 5 मैचों में प्रति ओवर 11.13 रन दिए हैं और केवल दो विकेट लिए हैं।

## आईपीएल 2025 : कैसे गेंद बदलने के नियम ने एमआई को रोमांचक जीत दिलाने में मदद की

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। आईपीएल 2025 के लिए एक नया नियम आया है। अब शाम के मैच में जो टीम दूसरी पारी में गेंदबाजी कर रही होती है, वह 11वें ओवर के बाद कभी भी गीली गेंद बदल सकती है, जिससे ओस का असर कम किया जा सके। इस नियम को गेंदबाजों के लिए फायदेमंद बताया गया है, खासकर उन टीमों के लिए जो स्कोर बचाने की कोशिश करती हैं।रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई इंडियंस (एमआई) ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 205 रन बनाए। मैच के दौरान जैसे ही जसप्रीत बुमराह ने अक्षर पटेल का विकेट लिया, एमआई ने गेंद बदलने का फैसला किया। मैदान पर ओस को हटाने के लिए सुपर सॉपर्स भी इस्तेमाल किए जा रहे थे ताकि गेंदबाजों को परेशानी न हो।गेंद बदलने के बाद कर्ण शर्मा और मिशेल सैंटनर ने गेंद को बेहतर तरीके से ग्रिप किया और पिच से उछाल, टर्न और अच्छी पकड़ भी मिलने लगी। इससे बल्लेबाज़ों के लिए ऊंचे शॉट लगाना मुश्किल हो गया। कर्ण ने पहले स्टब्स को लॉन्ग ऑफ पर कैच करवाया और फिर केएल राहुल को खुद की गेंद पर कैच आउट कर दिया।

## आईपीएल में धीमी ओवर रेट के लिए इस टीम के कप्तान पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना, फैंस निराश

नई दिल्ली (आरएनएस)। आईपीएल 2025 के एक मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ धीमे ओवर रेट के कारण दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। यह मुकाबला अरुण जेटली स्टेडियम में खेला गया, जहां दिल्ली कैपिटल्स को रोमांचक मुकाबले में 12 रनों से हार का सामना करना पड़ा। आईपीएल की ओर से जारी बयान के अनुसार, अक्षर पटेल को आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया।

इस अनुच्छेद के अंतर्गत धीमी ओवर गति बनाए रखने पर पहली बार अपराध के लिए कप्तान पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाता है। आईपीएल के बयान में कहा गया, चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अंतर्गत उनकी टीम का इस सत्र में पहला अपराध था, इसलिए पटेल पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। अक्षर पटेल इस सत्र में धीमी ओवर गति के लिए दंडित होने वाले एकमात्र कप्तान नहीं हैं। मुंबई इंडियंस के हार्दिक पांड्या, लखनऊ सुपरजायंट्स के ऋषभ पंत और रॉयल चैलेंजर्स




बेंगलुरु के रजत पाटीदार पर भी इसी तरह के अपराध के लिए जुर्माना लगाया जा चुका है। मैच की बात करें तो मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 205/5 का मजबूत स्कोर खड़ा किया।जवाब में दिल्ली कैपिटल्स 19 ओवर में 193 रन पर ऑलआउट हो गई। करुण नायर ने 40 गेंदों पर शानदार 89 रनों की पारी खेली, लेकिन उनके प्रयास को बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल सका। मुंबई इंडियंस के कर्ण शर्मा ने अहम समय पर तीन विकेट चटकाए और मैच का रुख पलट दिया। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स की पारी में एक ओवर में तीन रन आउट भी देखने को मिले, जिसने मुकाबले को और रोमांचक बना दिया। आखिरी ओवरों में आशुतोष शर्मा और विपराज निगम ने अपनी अच्छी पारियों से दिल्ली को जीत दिलाने की कोशिश की, लेकिन मुंबई की शानदार फील्डिंग, अनुशासित गेंदबाजी और 13वें ओवर के बाद गेंद बदले जाने से दिल्ली कैपिटल्स लक्ष्य को नहीं पा सकी।

हार के बाद कप्तान अक्षर पटेल ने कहा, हमारे पास मैच था, लेकिन कुछ सॉफ्ट डिसमिसल और खराब शॉट्स ने हमें नुकसान पहुंचाया। आप हर बार निचले क्रम के बल्लेबाजों पर निर्भर नहीं रह सकते। ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है, बस ऐसा एक दिन था। मैं पहले हाफ के बाद काफी संतुष्ट था। शुरुआत में गेंद रुक रही थी, लेकिन बाद में स्थिति बेहतर हुई और ओस ने हमारी मदद की।

### अफ़ग़ान महिला क्रिकेटरों की सहायता के लिए विशेष टास्क फोर्स बनाएगी आईसीसी

नई दिल्ली (ए)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अब अफ़ग़ानिस्तान की विस्थापित महिला क्रिकेट क्रिकेटरों की सहायता के लिए आगे आई है। आईसीसी ने इन महिला क्रिकेटरों की सहायता और उनके विकास के लिए एक विशेष टास्क फोर्स बनाने की बात कही है। आईसीसी की इस पहल से इन महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इससे उनके खेल और व्यक्तिगत विकास में सहायता मिलेगी। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने सोशल मीडिया ये ये जानकारी दी है। शा ने कहा, मुझे आईसीसी की ओर से यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हमने बीसीसीआई, इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के साथ मिलकर एक अहम फैसला लिया है। इसके तहत ही हम अफ़ग़ान महिला क्रिकेटरों को उनके क्रिकेट और विकास की यात्रा में सहायता देंगे।



## महिला ने लगवाई सुअर की किडनी, 130 दिन बाद जो हुआ... डॉक्टर भी हो उठे चिंतित

वाशिंगटन (आरएनएस)। चिकित्सा जगत में पशु अंगों के मानव में प्रत्यारोपण (ज़ेनोट्रांसप्लांटेशन) की दिशा में चल रहे प्रयासों को एक झटका लगा है। अलबामा की एक महिला, टोवाना लूनी, जिन्होंने आनुवंशिक रूप से संशोधित सुअर की किडनी के साथ रिकॉर्ड 130 दिन बिताए थे, को अब वह किडनी हटवानी पड़ी है। डॉक्टरों ने शुक्रवार को घोषणा की कि उनके शरीर ने किडनी को अस्वीकार करना शुरू कर दिया था, जिसके बाद इसे हटा दिया गया और उन्हें फिर से डायलिसिस पर रखा गया है। NYU लैंगोन हेल्थ सेंटर में 4 अप्रैल को किडनी हटाने की सर्जरी के बाद सुश्री लूनी अच्छी तरह से ठीक हो रही हैं और अलबामा के गैड्सडेन स्थित अपने घर लौट आई हैं। एक बयान जारी कर उन्होंने अपने डॉक्टरों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, इस अविश्वसनीय शोध का हिस्सा बनने का अवसर देने के लिए धन्यवाद।लूनी ने आगे कहा, हालांकि परिणाम वह नहीं था जिसकी उम्मीद थी, मुझे पता है कि सुअर की किडनी के साथ मेरे 130 दिनों के अनुभव से बहुत कुछ सीखा गया है। यह किडनी की बीमारी पर काबू पाने की यात्रा में कई अन्य लोगों की



मदद और प्रेरणा बन सकता है। वैज्ञानिक सूअरों में आनुवंशिक बदलाव कर रहे हैं ताकि उनके अंग मानव शरीर के लिए अधिक अनुकूल बन सकें। इसका मुख्य उद्देश्य मानव अंगों की भारी कमी को दूर करना है।

अमेरिका में ही 100,000 से अधिक लोग अंग प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा सूची में हैं, जिनमें से अधिकांश को किडनी (गुर्दे) की जरूरत है। हजारों लोग प्रत्यारोपण का इंतजार करते हुए दम तोड़ देते हैं।लूनी के प्रत्यारोपण से पहले, केवल चार अन्य अमेरिकियों को जीन-संपादित सुअर के अंग (दो हृदय और दो किडनी) लगाए गए थे, लेकिन वे दो महीने से अधिक समय तक काम नहीं कर पाए थे। वे मरीज़ सर्जरी से पहले बेहद गंभीर हालत में थे और बाद में उनकी मृत्यु हो गई थी। अब शोधकर्ता लूनी जैसे थोड़े कम बीमार रोगियों में ये प्रत्यारोपण आजमा रहे हैं। न्यू हैम्पशायर के एक व्यक्ति, जिन्हें जनवरी में सुअर की किडनी लगाई गई थी, का स्वास्थ्य अच्छा बताया जा रहा है। इस गर्मी में सुअर किडनी प्रत्यारोपण पर एक बड़ा अध्ययन शुरू होने की भी उम्मीद है। हाल ही में चीनी शोधकर्ताओं ने भी एक सफल किडनी ज़ेनोट्रांसप्लांट की घोषणा की है।लूनी 2016 से डायलिसिस पर थीं और सामान्य मानव किडनी प्रत्यारोपण के लिए योग्य नहीं थीं, क्योंकि उनका शरीर मानव किडनी को अस्वीकार करने के लिए असामान्य रूप से तैयार था।

### गाजा में तुरंत खत्म हो युद्ध :

## इजरायल के भीतर उठी आवाज, पूर्व खुफिया अधिकारियों का नेतन्याहू को पत्र

यरूशलम , (आरएनएस)। इजरायल की मोसाद खुफिया एजेंसी के 250 से अधिक पूर्व अधिकारियों ने सरकार से गाजा पट्टी में युद्ध को तुरंत समाप्त करने की अपील की। इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी न्यूज के मुताबिक पूर्व अधिकारियों ने सरकार को पत्र लिखकर यह मांग की। रिपोर्ट के अनुसार, हस्ताक्षरकर्ताओं में मोसाद के तीन पूर्व प्रमुख डैनी याटोम, एफ्रेम हेलेवी और तामीर पार्डो के साथ-साथ दर्जनों अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं।मोसाद के पूर्व सदस्यों ने कहा, लगातार लड़ाई बंधकों और हमारे सैनिकों के जीवन को खतरे में डाल रही है। इस पीड़ा को समाप्त करने वाले समझौते तक पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। हम सरकार से साहसी फैसला लेने और देश की सुरक्षा के लिए जिम्मेदारी से काम करने की अपील करते हैं।समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, उन्होंने उन सैकड़ों सैन्य कर्मियों, [चाहे वे रिजर्व में हों या रिटायरमेंट], के प्रति समर्थन व्यक्त किया जिन्होंने इसी तरह के पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। पत्र में युद्ध समाप्त करने और बंधकों की वापसी की अपील की गई थी।गुरुवार को एयरक्रू सदस्यों के पत्र के प्रकाशन के बाद, इजरायली वायु सेना कमांडर टोमर बार ने हस्ताक्षरकर्ताओं में शामिल सक्रिय रिजर्विस्टों की सेवा समाप्त करने का फैसला लिया।इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बर्खास्तगी के फैसले का समर्थन किया और ऐसे पत्रों की निंदा की। उन्होंने हस्ताक्षरकर्ताओं को एक चरमपंथी हाशिए का समूह कहा, जो इजरायली समाज को अंदर से तोड़ने की कोशिश कर रहा है।

## न्यूयॉर्क में विमान दुर्घटनाग्रस्त, पंजाब मूल की सर्जन, पति और दो बच्चों सहित 6 लोगों की दर्दनाक मौत




न्यूयॉर्क (आरएनएस)। अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य में एक छोटा विमान हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना में पंजाब मूल की एक सर्जन, उनके पति और दो बच्चों सहित 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा शनिवार को, कोलंबिया काउंटी एयरपोर्ट पर लैंडिंग से ठीक पहले हुआ।

सर्जन की पहचान डॉ. जॉय सैनी के रूप में हुई है, जो एक यूरोगाइनोकॉलेजिस्ट और महिला पेल्विक रिकंस्ट्रक्टिव सर्जन थीं। उनके साथ पति माइकल ग्रॉफ, बेटी करेना ग्रॉफ, बेटे जैरेड ग्रॉफ और उनके-उनके साथी जेम्स सैंटोरो व अलेक्सिया कुइयुतास डुआर्ते भी विमान में सवार थे। विमान के पायलट सर्जन के पति थे।

नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी) के जांचकर्ता अल्बर्ट निक्सन ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि विमान मित्सुबिशी एमयू2बी ने न्यूयॉर्क शहर के उपनगर वेस्टचेस्टर एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी और कोलंबिया काउंटी एयरपोर्ट पर लैंड करने वाला था।

उन्होंने कहा कि पायलट पहली लैंडिंग मिस कर गया और दूसरी कोशिश के लिए अनुमति मांगी। लेकिन एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने विमान को असामान्य रूप से नीची उड़ान पर पाया और अलर्ट भेजने की कोशिश की, पर पायलट जवाब नहीं दे सका। विमान हवाई अड्डे से करीब 10 मील दूर, मैसाचुसेट्स राज्य की सीमा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।


पारिवारिक बयान के अनुसार, माइकल ग्रॉफ एक न्यूरोसर्जन और अनुभवी पायलट थे। उन्हें बचपन में 16 वर्ष की उम्र में अपने पिता से उड़ान भरना सीखने के बाद से उड़ान का शौक था।

उनकी बेटी करेना ग्रॉफ मेडिकल छात्रा थीं और उनके साथी जेम्स सैंटोरो एक इंवेस्टमेंट बैंकर थे। बेटा जैरेड ग्रॉफ और उनकी साथी अलेक्सिया, जो कि लॉ की छात्रा थीं, भी इस दुखद हादसे का शिकार हो गए। डॉ. सैनी और ग्रॉफ की एक और बेटी अनिका और सैनी की मां कुलजीत सिंह इस दुर्घटना में बची हैं।

## पाकिस्तान के 67,000 जायरीन नहीं कर पाएंगे हज यात्रा, क्या है वजह?

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान के लगभग 67,000 जायरीन इस साल हज के लिए सऊदी अरब नहीं जा पाएंगे। स्थानीय मीडिया के मुताबिक इन आवेदनों को अस्वीकार करने का मुख्य कारण सऊदी प्राधिकारियों को समय पर बुकिंग और भुगतान न करना था।

एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी अरब ने इस वर्ष पाकिस्तान के लिए 1,79,210 तीर्थयात्रियों का कोटा आवंटित किया था, जिसमें सरकारी और निजी टूर आयोजकों के लिए 89,605 संख्या तय की गई। हालांकि प्राइवेट स्कीम के तहत केवल 14,000 आवेदन ही स्वीकार किए गए।हज आयोजकों ने दावा किया कि उन्होंने 67,000 तीर्थयात्रियों के लिए बुकिंग की थी और इसके लिए सऊदी अरब को 7 मिलियन सऊदी रियाल भेजे थे।हालांकि, समझौतों और भुगतानों को अंतिम रूप देने में देरी के कारण सऊदी प्राधिकारियों ने उनके आवेदन खारिज कर दिए, जिससे हजारों लोगों को हज करने का मौका नहीं मिल सका।रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी सरकार के विशेष अनुरोध पर सऊदी अरब ने अतिरिक्त 10,000 कोटे को मंजूरी दी। हालांकि यह अभी भी सभी आवेदकों को



शामिल करने के लिए अपर्याप्त है, जिसके परिणामस्वरूप 67,000 पाकिस्तानी तीर्थयात्री इससे बाहर हो गए। हज आयोजकों ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से इस मामले में हस्तक्षेप करने और समस्या को सुलझाने में मदद करने की अपील की है।

प्रधानमंत्री शरीफ ने निजी हज कोटे में कटौती की तत्काल जांच के निर्देश दिए, जिसकी वजह से हजारों पाकिस्तानी तीर्थयात्री 2025 में हज यात्रा पर नहीं जा पाएंगे। जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री ने निजी हज कोटा हासिल करने में नाकामी के जिम्मेदार लोगों की पहचान करने के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया।कैबिनेट प्रभाग के सचिव की अध्यक्षता वाली समिति में संघीय राजस्व बोर्ड (एफबीआर) के अध्यक्ष और गिलगित-बाल्टिस्तान के संघीय सचिव शामिल हैं।

समिति को तीन दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का काम सौंपा गया है। रिपोर्ट में निजी हज कोटा प्राप्त करने में सरकार की नाकामी के पीछे के कारणों का विवरण दिया जाएगा और इस चूक के लिए जिम्मेदारी तय की जाएगी।

## पाकिस्तान में बलूच विद्रोहियों का खौफ, रात में ट्रेनों का संचालन बंद; बॉर्डर पर ही लग जाता है ब्रेक




क्वेटा (आरएनएस)। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में बलूच विद्रोही संगठनों के बढ़ते प्रभाव के कारण रात के समय ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। सुरक्षा कारणों से यह कदम उठाया गया है, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

रविवार रात को कराची से क्वेटा के लिए रवाना हुई बोलान एक्सप्रेस को सिंध प्रांत के जैकबाबाद स्टेशन पर ही रोक दिया गया। रेलवे अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए ट्रेन को आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी। हाल ही में बलूच विद्रोहियों द्वारा लगभग 500 यात्रियों से भरी एक ट्रेन को अगवा करने और 10 यात्रियों की हत्या करने की घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है।

पाकिस्तान रेलवे के सीईओ आमिर अली बलोच ने बताया कि बोलान मेल को सुरक्षा मंजूरी नहीं मिलने के कारण कई घंटों तक जैकबाबाद में खड़ा रखा गया। सुरक्षा जोखिम को देखते हुए ट्रेन को आगे बढ़ाना उचित नहीं समझा गया। ट्रेन में सवार लगभग 150 यात्रियों को जैकबाबाद में उतारकर बसों और अन्य वैकल्पिक साधनों से क्वेटा पहुंचाया गया।

यात्रियों ने इस अव्यवस्था पर नाराजगी जताई है और ट्रेनों को पूरी सुरक्षा मुहैया न करा पाने के लिए सरकार और प्रशासन की आलोचना की है। कई यात्रियों ने वैकल्पिक साधन न चुनने पर रिफंड की मांग भी की है। इस बीच, पाकिस्तान रेलवे ने बोलान मेल की टाइमिंग में बदलाव करने का फैसला किया है। मंगलवार से यह ट्रेन कराची से दोपहर 3 बजे रवाना होगी, ताकि यह बलूचिस्तान में रात के सफर से बच सके। वर्तमान में ट्रेन कराची से शाम 7 बजे रवाना होती है। यह कदम बलूचिस्तान में रात के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

## रूस ने भारतीय दवा गोदाम पर किया मिसाइल से हमला


कीव (आरएनएस)। रूसी मिसाइल हमले में यूक्रेन में स्थित एक भारतीय फार्मास्यूटिकल कंपनी कुसुम के गोदाम में आग लग गई। इस हमले के बाद भारत में स्थित यूक्रेनी दूतावास ने आरोप लगाया कि रूस ने जानबूझकर राजधानी कीव में भारतीय गोदाम को निशाना बनाया है।



इस मामले को लेकर यूक्रेनी दूतावास ने कहा आज रूस ने यूक्रेन में भारतीय कंपनी कुसुम के गोदाम पर मिसाइल से हमला किया। भारत के साथ खास दोस्ती का दावा करने वाला रूस जानबूझकर भारतीय कंपनियों पर हमला कर रहा है। गोदाम में बुजुर्गों-बच्चों की जरूरी दवाइयां थीं ब्रिटेन में यूक्रेन के राजदूत मार्टिन हैरिस ने भी दावा किया कि रूसी हमलों ने राजधानी कीव में एक प्रमुख फार्मा कंपनी के गोदाम को तबाह कर दिया। हालांकि, मार्टिन ने कहा कि यह हमला रूसी ड्रोन्स के जरिए किया गया, न कि मिसाइल से। हालांकि हमले को लेकर अभी तक भारत और रूस ने कोई बयान नहीं दिया है।

# कलेक्टर ने किया सीवन नदी, सीटू नाले एवं भगवानपुरा तालाब का निरीक्षण

## सीवन नदी के गहरीकरण एवं सफाई के संबंध में कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश



सीहोर( निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे सीवन नदी तथा सीटू नाले के गहरीकरण, साफ-सफाई के कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों से सीवन नदी एवं सीटू नाले में आने वाले पानी के स्त्रोतों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सीवन नदी के गहरीकरण एवं साफ-सफाई के सबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने भगवानपुरा डैम का भी निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवधन अभियान के तहत सीवन उत्थान समिति एवं जनसहयोग से सीवन नदी के उत्थान का कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर बालागुरू के. ने अधिकारियों से चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि सीवन नदी को प्रदूषण मुक्त करने के सभी विकल्पों पर विचार करते हुए प्रयास किए जाएं। उन्होंने नदी का अवलोकन कर उन स्त्रोतों के बारे में जानकारी ली जिनसे दूषित जल आकर सीवन नदी में मिलता है और सीवन नदी के जल को प्रदूषित करता है। कलेक्टर बालागुरू के. ने नगर पालिका सीएमओ को निर्देश दिए कि नदी एवं नाले के जल ग्रहण क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण को आगामी वर्षाकाल से पहले ही हटाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि नदी एवं नाले पर बने जो स्टॉप डैम जर्जर स्थिति मे हैं तथा जिनसे पानी लीकेज होता है उनकी जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सीवन नदी में मिलने वाले सभी दूषित जल स्त्रोतों को चिन्हित कर उनके उचित निस्तारण के उपाय किए जाएं ताकि दूषित जल नदी में न मिले और सीवन नदी का जल स्वच्छ हो सके। निरीक्षण के पश्चात कलेक्टर बालागुरू के. ने सीवन नदी के उद्गम स्थल भगवानपुरा डैम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भगवानपुरा डैम के वॉल्व से हो रहे लीकेज का अवलोकन किया और संबंधित इंजीनियर को निर्देश दिए कि तालाब का जलस्तर कम होने के बाद लीकेज वॉल्व की तुरंत मरम्मत की जाए। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका सीएमओ भूपेंद्र कुमार दीक्षित, सीवन उत्थान समिति के डॉ गगन नामदेव सहित अन्य अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित थे

### बहनों के लिए मददगार साबित हो रही लाड़ली बहना योजना

सीहोर (निप्र)। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सहायता के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार दो सौ पचास रूपये की राशि सीधे उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की जा रही है। जिसे महिलाएं अपनी आवश्यकतानुसार खर्च कर रही है। सीहोर निवासी श्रीमती काजल भी लाड़ली बहना योजना से लाभान्वित महिलाओं में से एक है। श्रीमती काजल बतातीं हैं कि लाड़ली बहना योजना से मुझे जो राशि मिली है, उसे मैं अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने में उपयोग कर रही हूं। श्रीमती काजल कहतीं हैं कि अब मुझे अपने छोटे-मोटे खर्चों के लिए किसी से पैसे नही मांगने पड़ते।

# करीब एक किलोमीटर सीसी सड़क के विकास कार्य का भूमि पूजन

## नगर और नागरिकों के विकास के लिए पूरी क्षमता, समर्पण और सेवा भावना से काम करें-सांसद आलोक शर्मा



सीहोर (निप्र)। नगर और नागरिकों के विकास के लिए पूरी क्षमता, समर्पण और सेवा भावना से काम करें। उन्होंने कहा कि हमारे शहर विकास के मामले में अव्वल रहें, इसके लिए नगर विकास के रोडमेप पर लगातार कार्य किया जा रहा है। हमारी प्रदेश और केन्द्र में डबल इंजन की सरकार है। उक्त विचार शहर के प्राचीन करोली माता मंदिर से साइलो तक नगर पालिका परिषद के द्वारा एक करोड़ 47 लाख से करीब एक किलोमीटर सीसी सड़क के विकास कार्य के भूमि पूजन के दौरान मुख्य अतिथि सांसद आलोक शर्मा ने कहे। उन्होंने कहाकि भाजपा सरकार के पास विकास के लिए धन की कोई कमी नही है।

इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहाकि हमारे क्षेत्र के ऊर्जावान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और सभी पार्षद मिलकर शहर को तरक्की के रास्ते पर ले जा रहे है। आज शहर की सभी बुनियादी समस्याओं का समाधान तेज रफ्तार से किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहाकि हमारे द्वारा बहुत ही कम समय में करीब 150 करोड़ के विकास कार्य किए है, वहीं करीब 200 करोड रुपए के विकास कार्य होने वाले है। हमारे द्वारा नगर की बुनियादी समस्याओं में बिजली, पानी और सडक के साथ-साथ करीब 20 से अधिक मंदिरों का निर्माण पार्षदों के अलावा अन्य लोगों के सहयोग से किया गया है।

उन्होंने कहाकि क्षेत्रवासियों को आगामी दिनों में नर्मदा का पानी घर-घर में पहुंचाने का कार्य तेजी से चल रहा है। इसके अलावा बाल विहार मैदान पर नई टंकी बनने के साथ ही अन्य जगहों पर भी टंकियां बनाई जाएंगी। इनमें शुगर फैक्ट्री चौराहा, गंज मोहल्ला, बढियाखेड़ी, मंडी, हाउसिंग बोर्ड, कलेक्ट्रेट एरिया शामिल है।

अमृत-2 योजना में 7 टंकियां बनाई जा रही हैं। इससे स्टोरेज क्षमता 60 फीसदी बढ़ जाएगी। इसी तरह 105 किमी लंबी पाइप लाइन भी बिछाई जाएगी। इससे अब प्रति व्यक्ति 100 की जगह 135 लीटर पानी दिया जा सकेगा। इन टंकियों के बन जाने से शहर की पानी की समस्या काफी हद तक सुलझ जाएगी। अभी 6 बड़ी पानी की टंकियां हैं। इसके अलावा 3 छोटी टंकियां हैं। प्रति व्यक्ति 135 लीटर पानी की जरूरत है, लेकिन अभी 100 लीटर प्रतिदिन ही मिल पा रहा है। बाल विहार में 20 लाख लीटर क्षमता की टंकी बनेगी, बाल विहार मैदान पर बनी पानी की टंकी को गिराया जाएगा। यह टंकी करीब 40 साल पुरानी है। इस टंकी को गिराकर इसकी जगह नई 16 लाख लीटर क्षमता की टंकी तैयार की जाएगी। अभी 10 लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकी है। इसलिए 6 लाख लीटर क्षमता बढ़ जाएगी। भूमि पूजन के दौरान मुख्य रूप से भाजपा नेता सन्नी महाजन, भाजपा महामंत्री राजकुमार गुप्ता, रवि नागले, प्रितेश राठौर, नगर पालिका के सहायक यंत्री विजय कोली, वार्ड क्रमांक 20 की पार्षद सपना मालवीय, अर्जुन राठौर, संतोष शाक्य, घनश्याम यादव, कमलेश राठौर, विजेन्द्र परमार, अजय पाल सिंह राजपूत, विवेक राठौर, आशीष गहलोत, राहुल राय, विशाल राठौर, दिलीप राठौर, लोकेन्द्र वर्मा के अलावा अन्य पार्षद और क्षेत्रवासी मौजूद थे।

# आज किया जाएगा हनुमान चालीसा और राम चरित्र मानस का आयोजन

## सीवन नदी के तट पर किया जा रहा वैशाख महापर्व पर शिव-शक्ति दिव्य अनुष्ठान



सीहोर( निप्र)। शिव प्रदोष सेवा समिति के तत्वाधान में एक माह तक आयोजित होने वाले शिव शक्ति दिव्य अनुष्ठान वैशाख महापर्व के दूसरे दिन 33 करोड़ देवताओं का आह्वान कर हवन में आहुतियां अर्पित की गई। इस मौके पर यज्ञाचार्य पंडित पवन व्यास, पंडित कुणाल व्यास के सानिध्य में आधा दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं ने पंडितों के द्वारा मंत्रोच्चरण के साथ आहुतियां दी और मंगल कामनाएं की। शिव प्रदोष सेवा समिति के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि सोमवार को विशेष रूप से पंडित कुणाल व्यास ने देवता स्थापना, अग्नि स्थापना की गई। इसमें 33 करोड़ देवी देवताओं को आह्वान कर उन्हें यज्ञ भूमि में आमंत्रित कर पूजन किया गया। इसके उपरांत अभिषेक कर का पाठ का गणेश यज्ञ हुआ। भगवान से सुख शांति की कामना की। कार्यक्रम में विशेष यज्ञ कुंड में गणेश मंडल, मातृका मंडल, योगिनी मंडल, चंडी मंडल, ब्रह्म मंडल, प्रधान मंडल, वास्तु मंडल, क्षेत्र पाल मंडल, नवग्रह मंडल, रूद्र मंडल की स्थापना कर विधिवत पूजन किया गया। मान्यता है इस यज्ञ से सभी कार्यो में सफलता आती है।

# संस्कार देने में माता पिता को पूर्णतः सजग रहना चाहिए : मुनिश्री संस्कार सागर जी

सीहोर (निप्र)। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्थित छावनी में आचार्य श्री विराग सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री संस्कार जी मुनिश्री आस्तिक्य सागर जी मुनि श्री प्राणीक सागर जी के सानिध्य में बाल ब्रह्मचारी शोभित भैय्या जी के निर्देशन में श्रावक श्राविकाओ ने प्रात: श्री जी के अभिषेक शांति धारा नित्य नियम पूजा अर्चना धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित किया। तत्पश्चात धर्म सभा में मु मुनिश्री के प्रवचन श्रधदालुओ ने श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित किया।

मुनिश्री संस्कार सागर जी ने धर्म सभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि कहते हैं पूत के पांव पालने में दिखाई देते है।

इसका मतलब पालने में पूत को देखना नहीं उसके पांव में कुछ भी नजर नहीं आयेगा इसका मतलब यह है कि हमारे यह है कि हमारे अंदर जों बचपन में संस्कार डल जातें हैं वे ही स्वभाव लगने लगते है वें संस्कार हम पूरी जिंदगी में भुल नहीं पाते अथवा हम यूं कहें कि पूरी जिंदगी हम उन्हीं संस्कारो के आधार पर चलाते हैं

मुनिश्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि किसी मनोवैज्ञानिक ने कहा है कि सात साल के बच्चे के संस्कार सत्तर वर्ष तक कायम रहते हैं, अभिमन्यु के संस्कार गर्भ में पैदा हुये और सौलह वर्ष बाद प्रकट हो गये। हिटलर बहुत ही पापी और खतरनाक व्यक्ति था उसने हजारों व्यक्तियों को जान से मार दिया लेकिन जब मरा तो लड़ाई में बिल्लियों से डर के भागने पर मरा। उसके जीवन पर खोज की गई बाद में पता चला कि हीटलर इतना क्रूर व्यक्ति होते हुए भी बिल्ली से इसलिए डर गया था कि वर्षों तक नहीं भूल पाया था कि बचपन में उसकी छाती पर एक बार बिल्ली चढ़ गई थी, जिससे इतनी



ज़ोर से डर गया था कि वर्षों तक नहीं भूल पाया ये घटना दुर्घटना भी संस्कार की तरह ही जिंदगी में भुल नहीं पाता।

भगवान राम पूर्व में रात्रि आहार जल त्याग करते चले आ रहे थे तो कई भवो के संस्कारो ने बलभद्र पद प्राप्त कराया। और उन्हीं संस्कारों से निरंतर बचते हुए सुसंस्कारों को अपनाना चाहिए यही जीवन की नींव है।

मुनिश्री संस्कार सागर जी ने माता पिता को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कार देने में माता और पिता को पूर्णत: सजग रहना चाहिए। एक बालक जब गर्भ में प्रवेश करता है तब से ही माता पिता के विचारों से परिचित होने लगता है। नौ माह में वह पूर्णत: परिचित हो जाता है। यदि उसमें गर्भ के समय प्रतिरोध करने की शक्ति होती तो वह वही कर देता और यदि कोई अच्छी बात ग्रहण करने की क्षमता होती तो वह वही आचरण में उतार कर बता देता हैं। इस प्रभाव के कारण वह जन्म लेने के बाद यह अभिव्यक्त करके बता देता है। बच्चों का दिल बिल्कुल साफ और सुंदर निष्कषाय रहता है उनके अंदर विकार नहीं होते इसलिए वे बच्चे सभी लोगों को बहुत ही प्यारे लगते हैं।

# भीमराव अंबेडकर बाबा साहब के जन्मदिन पर सारु मारु जन कल्याण समिति ने मरीजों को सिविल अस्पताल में फल वितरित किए



भैरूंदा/नसरुल्लागंज (संजय कलमोर)। आज संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती के उपलक्ष्य में सारु मारु जनकल्याण समिति के द्वारा सिविल अस्पताल भैरुंदा नसरुल्लागंज में फल वितरण किया गया एवं सभी के उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामनाएं की गई। इस अवसर पर बहादुर सिंह बगाना,एड.बलराम यादव,जे पी पेठारी,गबुलाल सरसवाल, संतोष कुमार बरखने, डॉ.धरमसिंह मेहरा, मुकेश कुमार बनवारी, हुकमसिंह धावरे आदि उपस्थित रहे।

# सीहोर गर्ल्स ने सीहोर ब्लू को 3-2 से हराया



सीहोर ( निप्र)। शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में ग्रीष्मकालीन फुटबाल का निशुल्क प्रशिक्षण जारी है। प्रशिक्षण शिविर में सोमवार को एक रोमांचक मैच में सीहोर गर्ल्स ने सीहोर ब्लू को 3-2 से हराया। मैच अंतिम समय तक रोमांचक रहा। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया और कोच मनोज अहिरवार, विपिन पवार, ज्योति गौर आदि ने खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान किया।

सोमवार की शाम को खेले गए मैच में सीहोर गर्ल्स और सीहोर ब्लू की ओर से शानदार मैच हुआ। जिसमें सीहोर गर्ल्स ने ब्लू को 3-2 से हराया। इस मैच में सीहोर गर्ल्स की ओर से अश्वनी, प्रांजली और संयोगिता ने 1-1 गोल किया था। वहीं सीहोर ब्लू की ओर से रोहन-शिवा ने 1-1 गोल किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि मंगलवार की शाम को सीहोर क्लब और सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला जाएगा।

# जिला पंचायत सीईओ ने किया एनआरएलएम के तहत संचालित आजीविका गतिविधियों का अवलोकन

## लखपति सीआरपीओ की बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने दिए आवश्यक निर्देश




सीहोर (निप्र)। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने सीहोर स्थित महिला किसान फॉर्मर एफपीओ के कार्यालय एवं आउटलेट का निरीक्षण कर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित आजीविका गतिविधियों का अवलोकन किया। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने कंपनी की बोर्ड आफ डायरेक्टर से कंपनी द्वारा किये जा रहे कार्यो के संबंध में विस्तार से चर्चा की तथा व्यवसाय एवं जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने के के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित आजीविका मार्ट, सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र, पानी पाउच पैकिंग यूनिट, साबुन यूनिट एवं सिलाई यूनिट का भी अवलोकन किया।

### जिला पंचायत सीईओ लखपति सीआरपीओ की बैठक में हुई शामिल

जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र में लखपति सीआरपीओ की मासिक समीक्षा बैठक में जिले में संचालित लखपति इनिशिएटिव प्रोग्राम की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने डिजिटल आजीविका रजिस्टर में एंट्री पूर्ण करने एवं लखपति दीदी कार्ययोजना को विभागीय कन्वर्जेंस के माध्यम से कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग के उप संचालक श्री केके पांडे, एनआरएलएम के डीपीएम श्री दिनेश बर्फा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर व्याख्यानमाला आयोजित

सीहोर (निप्र)। डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर राष्ट्र के लिए उनके द्वारा दिए गए योगदान की जानकारी के बारे में जानकारी देने तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से आमजन को अवगत कराने के लिए




सीहोर स्थित पीएमश्री कॉलेज में जन अभियान परिषद द्वारा व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद की टॉक्स मैनेजर डॉ. सुनीता गुप्ता ने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर का मूल मंत्र शिक्षित बनो, संघर्ष करो और संगठित रहो है। उन्होंने सभी वर्गो के हितों को ध्यान में रखते हुए संविधान लिखा है। हमारा संविधान हमें देश के प्रति प्रेम और सेवा के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर भारत सोनी, जिला समन्वयक श्रीमती पारुल उपाध्याय, ब्लॉक समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर सहित नवांकुर समिति के सदस्य, छात्र-छात्राएं एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिला कांग्रेस ने मनाई वार्ड क्रमांक 11 के पार्क में डॉ अम्बेडकर व फूले की जयंती

सीहोर (निप्र)। अनुसूचित जाति बाहुल्य वार्ड क्रमांक 11 सीहोर के डॉ अम्बेडकर पार्क गंज जिला सीहोर में जिला कांग्रेस, जिला सेवादल कांग्रेस तथा ब्लॉक कांग्रेस सीहोर के तत्वाधान में संविधान निर्माता डॉ अम्बेडकर के 134वी व महात्मा ज्योतिबा राव फूले की 198वी जयंती संयुक्त रूप से धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राजीव गुजराती थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ अम्बेडकर व फूले की प्रतिमा एवं चित्र पर कैंडल जला कर पुष्प मालाए अर्पित की गई। इस अफसर राजीव गुजराती ने कहा कि म.प्र. के महु में जनमें डॉ. अम्बेडकर राष्ट्र के सजग पथ प्रदर्शक थे इस अवसर पर राजीव गुजराती ने कहा कि डॉ अम्बेडकर का सपना था कि दलित धनवान बने वह हमेशा नौकरी मांगने वाले नही बने अपितु नौकरी देने वाले बने डॉ अम्बेडकर के नीजी पुस्तकालय बॉम्बे राजगृह में 50 हजार से भी अधिक किताबें है। यह विश्व का सबसे बड़ा निजी पुस्तकालय है क्रांति सूर्य महात्मा ज्योतिबा राव फूले तथा पत्नी सावित्री राव फूले एवं फातिमी शेख देश के प्रथम शिक्षक शिक्षिकाएं थी। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र खंगराले ने किया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com